
रोहतक
सोमवार 12 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 344
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .50

**मौसम**
अधि. 17.3
न्यून. -0.6

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com






Viksit Bharat - Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) : VB - G RAM G
(विकसित भारत - जी राम जी) Act, 2025
125 दिन
की रोज़गार गारंटी
अब बनेंगे जलाशय,
सुनिश्चित होगी जल सुरक्षा
CBC 35101/13/0070/2526

विकसित ग्राम पंचायत से विकसित भारत की ओर

### वित्त मंत्री सीतारमण के साथ बैठक में रखी हरियाणा से जुड़ी मांगें

# मुख्यमंत्री ने सेमग्रस्त जमीन के लिए केंद्र से मांगी वित्तीय मदद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में रविवार को नई दिल्ली में सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (विधायक मंडल सहित) के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय बजट में हरियाणा से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण मांगों को रखा। इनमें कृषि, ग्रामीण विकास, मेडिकल, उद्योगों आदि में बजट आवंटन व अन्य प्रमुख मांगें रही शामिल। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट से हरियाणा की प्रगति का मार्ग और प्रशस्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए सरकार भरपूर प्रयास कर रही है। हमने अपने स्तर पर काफी प्रयास किए हैं लेकिन परिणाम तक पहुंचने के लिए केंद्रीय सहायता की जरूरत है।

*हरियाणा हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोलने जा रहा है। इसके लिए भी केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के तहत मदद की बड़ी जरूरत है।*

**हरियाणा में 10 नए आईएमटी विकसित करवाने का लक्ष्य**
●
**स्टॉर्टअप के लिए 2000 करोड़ रुपये का फंड स्थापित करेंगे**



### छह लाख एकड़ जमीन सेम से प्रभावित

उन्होंने कहा कि हरियाणा कृषि प्रधान राज्य है व खाद्यान्न उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर है। इसे भारत का ब्रेड बास्केट भी कहा जाता है। यहां सेम से 6 लाख एकड़ जमीन प्रभावित है, अतः इस ज़मीन को और ज्यादा नुकसान से बचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय सहायता दी जानी चाहिए। वहीं कृषि के आधुनिकीकरण की जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही है। डिजिटल एग्रीकल्चर, माइक्रो इरीगेशन, एग्री लॉजिस्टिक्स और वैल्यू-एडीशन पर फोकस किसान को सीधे बाजार से जोड़ा जा सकता है। एम.एस.एम.ई. के साथ एग्री प्रोसेसिंग क्लस्टर्स ग्रामीण समृद्धि का इंजन बन सकते हैं।

### स्टार्टअप्स में हरियाणा का देश में चौथा स्थान

- मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हरियाणा का एनसीआर क्षेत्र लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित किया जा रहा है।
- हरियाणा का स्टार्टअप्स में देश में चौथा स्थान है। हम स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए 2 हजार करोड़ का 'फंड ऑफ फंड्स' स्थापित करवाने जा रहे हैं।
- हम प्रदेश में 10 नये आई.एम.टी. विकसित करने जा रहे हैं। इससे समूचे प्रदेश में एम.एस.एम.ई. व स्टार्टअप्स को भारी प्रोत्साहन भी मिलेगा।
- ग्रामीण विकास के कोष को बढ़ाकर 2,000 करोड़ रुपये करने की भी रखी मांग।

# शीतलहर ने कंपकंपाया, सीजन में पहली बार रेवाड़ी में पारा -0.6°

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में हाड़कंपा देने वाली ठंड का कहर जारी है। सीजन में पहली बार पारा माइनस में पहुंच गया है। रेवाड़ी में रविवार को तापमान -0.6 दर्ज किया गया। कई इलाकों में सुबह के समय पाला जम गया। कड़ाके की ठंड ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया है। रविवार को अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, पानीपत, सोनीपत और यमुनानगर में घना कोहरा छाया रहा। वहीं, रोहतक, झज्जर, जींद, हिसार और भिवानी में भी हल्का कोहरे देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार तापमान शून्य तक जा सकता है। दूसरी ओर पाला जमने से फसलों की नुकसान की संभावना बढ़ गई है। किसानों को फसल को पाले से बचाने के लिए हल्की सिंचाई करने की सलाह दी गई है।

**कई जिलों में निकली धूप, फिर भी कंपकंपाते रहे लोग**
●
**मौसम विभाग का दावा, अभी ऐसा ही बना रहेगा मौसम**


रेवाड़ी। माइनस में तापमान जाने के बाद फसल पर पाला जम गया। *फोटो : हरिभूमि*

### नारनौल 1.5 डिग्री के साथ दूसरा ठंडा स्थान

रविवार को हरियाणा एनसीआर दिल्ली में नारनौल 1.5 डिग्री सेल्सियस के साथ दूसरा सबसे ठंडा स्थान रहा। इसके बाद हिसार 2.2 डिग्री के साथ तीसरे स्थान पर रहा। वहीं सिरसा का रात्रि तापमान 3.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है, अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस से नीचे बने हुए हैं।

### ऑरेंज अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने सम्पूर्ण इलाके पर शीतलहर, शीतदिवस व कोहरा छाया रहने के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वर्तमान में उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर लगातार बर्फबारी जारी है। जिसकी वजह से हरियाणा में कोल्ड ब्लास्ट की स्थिति देखने को मिल रही है।

### धूप से भी नहीं मिली राहत


दिन के समय धूप निकलते ही लोगों को कड़ाके की ठंड से कुछ हद तक राहत मिली। दोपहर में भी सरद हवाओं ने कंपकंपी छुड़ाए रखी। हवाओं की गति 12 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जबकि नमी का स्तर 72 प्रतिशत रहा। धुंध और कोहरे के कारण वाहन चालकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

**आगे क्या : हाड़ कंपा देने वाली ठंड का प्रहार रहेगा जारी**

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि आने वाले दो तीन दिनों तक हाड़कंपा देने वाली ठंड का प्रहार जारी रहेगा। जिससे दिन व रात के तापमान में और गिरावट आएगी। जिससे सम्पूर्ण इलाके पर कोल्ड डे, कुछ स्थानों पर कोल्ड वेव से सीवियर कोल्ड वेव तथा हवाएं शांत बनी रही, तो कोहरा देखने को मिलेगा। हालांकि एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ 15 जनवरी को सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर आंशिक बादलवाही देखने को मिलेगी। जिले में नारनौल का न्युनतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहां रात्रि तापमान सामान्य से 4.0 डिग्री सेल्सियस नीचे, जबकि दिन के तापमान सामान्य से 8.0 डिग्री सेल्सियस नीचे बने हुए हैं।

KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

A++ Grade Accredited by NAAC
THE World University Rankings 2026: 501+ Cohort Globally; 5th India Rank
QS World University Rankings 2026: 1st in Odisha; 9th in India among pvt. universities
nirf 2025: 17th Among Indian Universities
NBA: Tier 1 Re-accredited by NBA
ABET: ABET (US) Accreditation
IET Accredited Programme: The Institute of Engineering and Technology
Special Consultative Status by the UN-ECOSOC
Partnership with UN VOLUNTEERS

KIITEE 2026
APPLY NOW
through KIIT Websites
www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
No Examination Fee (Computer-Based Test)


Scan to Apply

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE

UG (3 years/4 years)/Integrated (5 years) Programmes
[All 4 years Programmes are with Honors/Research]

B.Tech Programmes
- Civil
- Construction Technology
- Electrical
- Electrical & Computer Science
- Mechanical
- Mechanical (Automobile)
- Aerospace
- Mechatronics
- Electronics & Telecommunication
- Electronics & Computer Science
- Electronics & Electrical
- Electronics (VLSI Design & Technology)
- Chemical
- Computer Science & Engineering (CSE)
- CSE (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
- CSE (Data Science)
- CSE (Internet of Things & Cyber Security including Block Chain Technology)
- CSE (Internet of Things)
- Information Technology
- Computer Science & System
- Computer Science & Communication
- Biotechnology

UG Programmes in other Disciplines
- B.Design (Automobile/ Graphic/Product)
- B.Design (Fashion / Textile)
- Integrated M.Tech Biotechnology (5yrs)
- B.Tech (Lateral Entry)
- B.Arch
- BCA
- BBA
- B.Sc (Hospitality & Tourism)
- Bachelor of Film & Television Production
- Bachelor of Communication & Journalism
- Bachelor of Physical Education & Sports
- BA Economics
- BA Sociology
- BA English
- BA Psychology
- BA French
- BA Spanish
- BA Japanese
- BA German
- B.Com
- B.Sc (Economics & Data Analytics)
- B.Sc Computer Science
- B.Sc Nursing
- B.Pharma
- D.Pharma
- B.Sc.(Fintech & Business Analytics)
- B.Sc.(Statistics & Data Analytics)

PG (1 year/2 years)/Integrated (5 years) Programmes
- M.Tech
- LLM (1yr)
- MCA
- M.Sc Biotechnology
- M.Sc Applied Microbiology
- M.Arch
- MBA-IEV (Innovation, Entrepreneurship and Venture Development)
- Master of Communication & Journalism
- Master in Urban & Regional Planning
- Master in Yoga & Naturopathy
- Master of Hospital Administration
- Master of Public Health
- MA in Fashion Management
- M. Design (Interior)
- M.Sc Computer Science
- MA Economics
- MA Sociology
- MA English
- MA Psychology
- Master in Public Policy
- M.Com
- M.Sc Physics
- M.Sc Chemistry
- M.Sc Mathematics & Data Science
- Master in Library & Information Sciences
- Master in Physical Education & Sports
- M.Sc Nursing
- Integrated M.Tech & Ph.D
- Ph.D

2025 Placement Highlights
750+ Companies
6000+ Job Offers
₹53 LPA Highest Salary Offered
₹8.50 LPA Average CTC
1500+ Paid Internships

Director Admissions, Admission Cell (Koel Campus), KIIT DU, Bhubaneswar, Odisha, India-751024
admission@kiit.ac.in kiitee.ac.in 8080 735 735

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

## खबर संक्षेप



### तिरुपुर कुमारन का 94वां बलिदान दिवस मनाया

**पंचकूला।** शहीद भगत सिंह जागृति मंच के सौजन्य से महान क्रांतिकारी शहीद तिरुपुर कुमारन का 94वां बलिदान दिवस शहीद भगत सिंह चौक, सेक्टर 11/15 में धूमधाम व गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर एवं प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पण के साथ हुई।इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष जगदीश भगत सिंह ने शहीद तिरुपुर कुमारन के जीवन और बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि तिरुपुर कुमारन केवल तमिलनाडु ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

### मकर संक्रांति के अवसर पर भंडारा लगाया

**पंचकूला।** सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों में अग्रणी गैर-सरकारी संगठन पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर से पूर्व फेज़-1, औद्योगिक क्षेत्र, पंचकूला में 198वें अन्न भंडारे का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में सैकड़ों परिवारों सहित समाज के विभिन्न वर्गों, जातियों एवं समुदायों के लोगों ने ट्रस्ट द्वारा आयोजित भंडारे का लाभ उठाया।

### लैपटॉप ठीक करवाने गया किशोर लापता

**गन्नौर ।** खेड़ी तगा गांव में एक 17 वर्षीय किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। किशोर के पिता ने इस संबंध में थाना बड़ी में शिकायत दी। शिकायत में खेड़ी तगा गांव के जाकिर हुसैन ने बताया कि उसका 17 वर्षीय लड़का रेहान 9 जनवरी को घर से लैपटाप ठीक कराने के लिए बाजार गया था, लेकिन वापिस घर नहीं लौटा। उन्हें शक है कि उसके बेटे को किसी व्यक्ति ने छिपा कर रखा हुआ है। पुलिस ने शिकायत पर अपहरण का केस दर्ज कर रेहान की तलाश शुरू कर दी है।

### संपर्क क्रांति की चपेट में आने से युवक की मौत

**सोनीपत।** रेलवे स्टेशन के पास रविवार सुबह करीब 7 बजे अंबाला से दिल्ली की ओर जा रही संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर राजकीय रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह भिजवाया। युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला आजमगढ़ का गांव हत्तनपुर निवासी अमित यादव के रूप में हुई। वह रामनगर औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी करता थे। संपर्क क्रांति एक्सप्रेस रविवार सुबह सोनीपत स्टेशन से गुजरी तो हिंदू कन्या महाविद्यालय के पास एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। लोको पायलट ने मामले की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। जिस पर राजकीय रेलवे पुलिस को अवगत कराया गया। जीआरपी ने मौके पहुंचकर जांच की तो युवक के आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई।

मुख्यमंत्री ने लुधियाना के समराला में जनसभा को संबोधित कर भगवंत सरकार पर निशाना साधा

# नायब बोले- पंजाब में चुटकुलों की सरकार चार साल बिना काम किए ही निकाल दिए



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश और प्रदेश को अनुभवी, जिम्मेदार और जनहित के प्रति समर्पित शासन की आवश्यकता है। राजनीति सत्ता सुख का साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम होनी चाहिए, लेकिन पंजाब सरकार ने इसे सत्ता सुख का साधन बना लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने चार साल में कोई काम नहीं किया, सिर्फ चुटकुले सुनाकर जनता का पेट भरते आ रहे है। मुख्यमंत्री ने पंजाब की गुरु परंपरा का उल्लेख करते हुए लोगों से आह्वान किया कि वे अन्याय और झूठ की राजनीति को नकारते हुए विकास, ईमानदारी और राष्ट्रहित आधारित सुशासन को मजबूत करने में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री रविवार को पंजाब के लुधियाना जिले के समराला में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा- आम आदमी पार्टी सरकार ने महिलाओं को 1100 रुपए महीना देने का वादा किया था, जो अब तक पूरा नहीं हुआ। जबकि हम हरियाणा में हर महिला को 2100 रुपए महीना दे रहे हैं। हमने जो वादे किए थे, हम उन्हें पूरा कर रहे हैं।

### हरियाणा का विकास मॉडल देश में सुशासन का आधार बनेगा : सीएम

नायब सिंह सैनी ने हरियाणा ने जो मॉडल प्रस्तुत किया है, वही मॉडल पूरे देश में सुशासन की नींव बन सकता है। इसलिए आने वाले समय में पंजाब की जनता, झूठ बोलकर वोट लेने वालों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पंजाब में सरकार बनेगी तो जिन योजनाओं का लाभ हरियाणा में मिल रहा है, उन सभी योजनाओं का लाभ पंजाब के लोगों को भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में चाहे कांग्रेस की सरकार रही हो या चाहे वर्तमान में आम आदमी पार्टी की सरकार हो, दोनों ने ही पंजाब के लोगों के साथ जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया। जबकि हरियाणा में डबल इंजन सरकार ने विधानसभा चुनावों के दौरान 217 वादों किए थे और 1 साल में ही 54 वादों को पूरा भी कर दिया। उन्होंने पंजाब सरकार से सवाल करते हुए कहा कि पंजाब सरकार बताए कि हाल ही राज्य में आई बाढ़ के दौरान पशुओं के जानी नुकसान से संबंधित कितना मुआवजा सरकार ने दिया। जबकि हरियाणा में डबल इंजन सरकार ने किसानों को फसल खराबे का, पशुओं और मकानों को हुए नुकसान का भी मुआवजा देने का काम किया।

### झूठों की सरकार, फसल मुआवजे को लेकर किसानों के लिए कुछ नहीं किया

मुख्यमंत्री ने झूठ की राजनीति करने वालों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान बोलते हैं कि पंजाब सरकार फसल खराबे पर 20 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देगी। जबकि आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल गुजरात में जाकर बोलते हैं कि हमारी सरकार ने 50 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से किसानों को मुआवजा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये झूठों की सरकार है, ये लोगों के हित के लिए काम नहीं कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने वीबी-जी राम जी पर पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा विधानसभा में 30 दिसंबर को प्रस्ताव पारित करने पर कहा कि उस प्रस्ताव को देखकर हैरानी होती है, क्योंकि उस प्रस्ताव में न तो कोई आंकड़ा दिया गया है, न कोई तथ्य दिया गया है और न ही कोई सुझाव दिया गया है जिससे इसमें कोई सुधार किया जा सके।

चरण कंवल साहिब के किए दर्शन

### गुरुओं ने समाज और देश की भलाई के लिए बलिदान दिया



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को अपने पंजाब दौरे के दौरान ऐतिहासिक गुरुद्वारा चरण कंवल साहिब, माछीवाड़ा, लुधियाना पहुंचकर माथा टेका और गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि इस पवित्र स्थल पर आकर वे स्वयं को अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह वही ऐतिहासिक स्थान है जहां दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह ने आकर कठोर तपस्या की थी और देश व समाज को धर्म, साहस और मानवता की शिक्षा दी थी। उन्होंने कहा कि गुरुओं ने सदैव समाज और देश की भलाई के लिए संघर्ष किया और महान बलिदान दिए। हमें उनकी शिक्षाओं और उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए राष्ट्र सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस गुरुद्वारा साहिब में गुरु गोविंद सिंह के चरण पड़े और उन्होंने यहां रहकर समाज को दिशा दी, ऐसे पावन स्थल को नजदीक से देखने और शीश नवाने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है।

### पंचकूला में 400 करोड़ के विकास कार्य हुए : शर्मा



**पंचकूला।** पंचकूला में हुए विकास कार्य सराहनीय हैं और कुलभूषण गोयल के नेतृत्व में बीते पांच वर्षों में लगभग 400 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का संपन्न होना अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह बात राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा ने पंचकूला में कही। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा विकास को अपनी प्राथमिक नीति बनाया है और इसी सोच के कारण पंचकूला में बुनियादी ढांचे, सड़कों, सार्वजनिक सुविधाओं और नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा ने भी कुलभूषण गोयल को सफल कार्यकाल की बधाई दी।

### केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही सरकार

**सिरसा।** सांसद सैलजा ने सिरसा के डबवाली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनीं। इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने पश्चिम बंगाल की घटनाओं का उल्लेख करते हुए केंद्र की भाजपा



सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया। कुमारी सैलजा ने कहा कि यह बात अब देश से छिपी नहीं है कि चुनाव आते ही भाजपा सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ तेज कर देती है। विशेषकर उन राज्यों में जहां भाजपा की सरकार नहीं है, वहाँ इस तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल इसका स्पष्ट उदाहरण है, जहां चुनाव से पहले सरकार को अस्थिर करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह भाजपा का लोकतंत्र में अविश्वास दर्शाता है, जो अत्यंत चिंताजनक है।

एचईआरसी ने कंपनियों से मांगी विस्तृत आर्थिक रिपोर्ट

## बिजली के रेट घटेंगे या बढ़ेंगे, फैसला जल्द

**चंडीगढ़।** हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) ने आगामी वित्त वर्ष के लिए बिजली दर तय करने से पहले बिजली कम्पनियों से व्यापक वित्तीय, तकनीकी और परिचालन संबंधी अतिरिक्त जानकारी मांगी है। संकेत मिलता है कि आयोग टैरिफ निर्धारण से पूर्व गहन नियामक जांच कर रहा है। अंतरिम आदेशों में आयोग ने कहा कि हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम (एचवीपीएन) और हरियाणा पावर जेनरेशन कॉरपोरेशन (एचपीजीसीएल) की टैरिफ याचिकाओं पर सार्वजनिक सुनवाई पूरी हो चुकी है, लेकिन उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा, पारदर्शिता और विवेकपूर्ण निर्णय सुनिश्चित करने के लिए तथ्यों की आगे भी जांच आवश्यक है।

### हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग की सुनवाई

एचवीपीएन की सुनवाई के बाद आयोग ने प्रसारण कम्पनी को इसकी स्थापना काल से लिए गए विश्व बैंक ऋणों का ब्यौरा देने का निर्देश दिया है, जिसमें ब्याज दरें, विदेशी मुद्रा उतार-चढ़ाव और प्रभावी उधारी लागत शामिल हों। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित मूल्यह्रास (डिप्रिसिएशन) में वृद्धि का औचित्य, प्रगति पर पूंजीगत कार्यों और वित्त वर्ष 2029-30 तक प्रस्तावित पूंजीकरण का विवरण, इक्विटी के रूप में दर्शाई गई अवशिष्ट आय को पूंजी भंडार में स्थानांतरित करने और ब्याज भार कम करने के लिए ऋण अदला-बदली के विकल्प तलाशने को भी कहा गया है।

### नियमित और संविदा कर्मचारियों का ब्योरा मांगा

एचपीजीसीएल के मामले में आयोग ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए नियमित और संविदा कर्मचारियों की संख्या तथा लागत का विस्तृत ब्योरा मांगा है। साथ ही कोयला सैंपलिंग एजेंसियों के विश्लेषण, पिछले तीन वर्षों में कोयले की गुणवत्ता संबंधी दावों, उत्पादन आंकड़ों, कार्यशील पूंजी ऋण और जल उपलब्धता के बावजूद जलविद्युत संयंत्रों के अनुपलब्ध रहने के कारणों की जानकारी भी तलब की गई है।आयोग ने उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम से जुड़े मामलों में भी एक संयुक्त अंतरिम आदेश पारित किया। आयोग ने कहा कि उत्तरी और दक्षिणी हरियाणा में खुदरा बिजली दरें समान हैं, इसलिए इन याचिकाओं पर एक समान नियामक दृष्टिकोण अपनाया जाना उचित है।

### सफाई कर्मचारी समाज की मजबूत रीढ़ : बेदी

**चंडीगढ़/जींद।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज की वह मजबूत रीढ़ हैं, जिनके परिश्रम से शहरों और गांवों की स्वच्छता, स्वास्थ्य और गरिमा बनी रहती है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने यह बात मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में जींद के सेक्टर-6 स्थित महाराज अजमीढ़ भवन एवं सुनार धर्मशाला जींद में मैढ़ सुनार सभा द्वारा आयोजित सफाई कर्मचारी सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कही। उन्होंने सुनार समाज की निर्माणधीन धर्मशाला के लिए 11 लाख रुपये की धन राशि देने की भी घोषणा की। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि यदि समाज में सभी लोग केवल एक ही कार्य करें तो संतुलन संभव नहीं है। किसान अन्नदाता, डॉक्टर जीवनदाता, सैनिक देश के रक्षक है। उसी प्रकार सफाई कर्मी का भी अपना दायित्व है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सड़क एवं गलियों की सफाई नहीं, बल्कि समाज को दिशा देना आवश्यक है।

किसान की आठ एकड़ गेहूं की फसल पर ट्रैक्टर चलाया

## किसान से मारपीट, कुचलने का प्रयास

**सोनीपत।** थाना सदर क्षेत्र स्थित गांव तिहाड़ कलां में एक जमीन को लेकर विवाद हो गया। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिये अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। वहीं मामले की शिकायत पुलिस को भी दी गई है। पुलिस को दी शिकायत में तिहाड़ कलां के रहने वाले हरपाल ने बताया कि उसने गांव में डिग्गी के पास 8 एकड़ जमीन में गेहूं की बिजाई की हुई है। 10 जनवरी को असवारपुर, गुभाना और गांव के अन्य लोगों उसकी जमीन पर गाड़ी और ट्रैक्टर चलाकर उसकी फसल बर्बाद कर दी।

### नशे में मचाया उत्पात



आरोप लगाया कि ये सभी लोग शराब के नशे में आए थे। हरपाल ने आरोप लगाया कि जब वह मौके पर पहुंचा तो इन लोगों ने उसका रास्ता रोक कर मारपीट की। इसके अलावा उसके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाने की भी कोशिश की। इसी दौरान ग्रामीण इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। हरपाल ने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।

आज गुरुग्राम पहुंचेंगे नितिन नबीन

### युवाओं को राष्ट्र निर्माण का मंत्र देंगे कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम में सोमवार को गुरुग्राम आ रहे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के स्वागत के लिए गुरुग्राम पूरी तरह कमल के फूल के झंडों से सज गया है भाजपा ने पूरे शहर को पार्टी के झंडों व बैनरों से सजा दिया है।

**जगह-जगह होगा स्वागत, ड्रोन से बरसाएंगे फूल**

भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय युवा दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आ रहे नितिन नबीन के लिए शहर में जगह-जगह स्वागत की, ड्रोन से फूल वर्षा की व्यवस्था युवाओं ने ही संभाली है। सबसे पहले लगभग 12 बजे कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एंबिसयं मॉल के पास पहुंचेगे तो युवाओं की एक बड़ी टीम उनके स्वागत में खड़ी रहेगी।

डॉ. सतीश पूनियां के अनुभव

### विश्व पुस्तक मेले में 'अग्निपथ नहीं जनपथ' का विमोचन

**नई दिल्ली/चंडीगढ़।** भारत मंडपम में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में रविवार को भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां की पुस्तक 'अग्निपथ नहीं जनपथ' के पांचवें संस्करण का विमोचन किया गया। जयपुर के वेरा प्रकाशन से प्रकाशित यह पुस्तक वर्ष 2018 से 2023 तक सतीश पूनियां के विधायक कार्यकाल के अनुभवों पर आधारित है, जिसमें विधानसभा की कार्यप्रणाली, जनहित के मुद्दे, धर्मांतरण को लेकर प्राइवेट मेंबर बिल, युवाओं एवं किसानों के मुद्दे, केंद्र की मोदी सरकार द्वारा कोरोनाकाल में किये गये शानदार कार्य एवं तत्कालीन कांग्रेस सरकार के अंतर्द्वंद्व एवं जनविरोधी नीतियों का विस्तार से उल्लेख किया गया है।

आरएसएस शताब्दी वर्ष पर नागरिक गोष्ठी

### सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और स्वदेशी को अपनाने का आह्वान

**पंचकूला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला पंचकूला द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को आर्य समाज मंदिर, सेक्टर-9 में प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी गरिमामय, अनुशासित एवं वैचारिक वातावरण में सम्पन्न हुई, जिसमें पंचकूला नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से समाज के विभिन्न वर्गों के प्रमुख नागरिकों, अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्ध जनों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रंजू प्रसाद, आईपीएस (सेवानिवृत्त), पूर्व मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, हरियाणा सहित वक्ताओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को एक सांस्कृतिक एवं राष्ट्रनिर्माण से जुड़ा संगठन बताते हुए कहा कि संघ अपने स्वयंसेवकों के चरित्र निर्माण, अनुशासन और निःस्वार्थ सेवा के माध्यम से समाज को संगठित करने का कार्य कर रहा है। वक्ताओं ने कहा कि संघ की दीर्घकालिक यात्रा राष्ट्रीय चेतना, सेवा भाव और सकारात्मक सोच को सुदृढ़ करने का उदाहरण है।

### ट्रैक्ट्रर- ट्राली की टक्कर में दो दोस्तों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गांव मजाफत खुर्द के पास देर शाम ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव मजाफत कला निवासी धर्मपाल ने प्रताप नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका भाई सतपाल अपने दोस्त अनुज के साथ बाइक पर 10 जनवरी को शाम छह बजे किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव मजाफत खुर्द के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

नगर निकायों में भ्रष्टाचार पर सरकार सख्त

## सोनीपत के बाद अब अन्य जिलों में कार्रवाई की तैयारी, टीमों का गठन

**सोनीपत में अब तक पांच निलंबित**

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने शहरी निकायों में भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध मुहिम को तेज करने के आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने इस क्रम में सबसे पहले राज्य के उन जिलों को लिया है, जहां से आए दिन शिकायतों का अंबार लगा हुआ है, छोटे छोटे कामों के लिए कर्मियों द्वारा उन्हें चक्कर कटवाए जाते हैं। इस क्रम में सबसे पहले सोनीपत नगर निगम में गाज गिरी है। पहले जहां शिकायतों के आधार पर तीन जेई पर निलंबन की गाज गिरी थी। वहीं अब सहायक महिला कर्मचारी निशा और लेखाधिकारी सुनील कुमार को भी मंत्री ने निलंबित कर दिया है। भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि नाराज मंत्री ने जिन जिन जिलों से ज्यादा शिकायतें आ रही है। उनको अलग से सूचीबद्ध करने और जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अफसर के साथ में तकनीकी टीम जोड़कर जांच करने की रणनीति तैयार की गई है। शहरी निकायों से भ्रष्टाचार को कम करने और दागियों को कड़ा शिकंजा कसने के क्रम में कई कदम उठाने के तैयारी है। सूत्रों का कहना है कि सोनीपत निगम में पांच को निलंबित करने के बाद में अब बाकी जिलों में नूंह मेवात, गुरुग्राम, यमुनानगर झज्जर, पानीपत जैसे जिलों से लगातार शिकायतें मिल रहीं हैं। मंत्री ने इन जिलों में भी गत पांच साल की जांच पड़ताल करने व कार्रवाई के संकेत दिए हैं।पहले एक वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में जांच कराई जाएगी और उसके बाद में दोषियों पर गाज गिराने की तैयारी है। यहां पर बता दें कि अब से पहले सोनीपत में आठ कर्मियों को चार्जशीट भी थमा दी गई है।निकाय मंत्री विपुल गोयल ने साफ कर दिया है कि वे भ्रष्टाचार में शामिल एक भी कर्मचारी और अधिकारी को बख्शेंगे नहीं भले ही वो कितना भी रसूखदार हो। जल्द ही जिलों में कमेटी गठित हो जाएंगी जो जांच का काम तेजी के साथ में करेंगी। तकनीकी तौर पर दक्ष कर्मियों और अधिकारियों को शामिल कर टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए है।

### करप्शन बर्दाश्त नहीं, ठेकेदारों को काली सूची में डालों

मंत्री ने प्रदेश में मनमानी करने और घटिया काम करने वाले ठेकेदारों को साफ कर दिया है कि उन्हें जल्द ही काली सूची में डाल दिया जाएगा। गोयल का कहना है कि कई बार सार्वजनिक मंचों और जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण की बैठक में भी मैने साफ कर दिया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन शहरी स्थानीय निकाय और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने साफ कर दिया है कि करप्शन कतई बर्दाश्त नहीं होगा। जहां जहां पर भी सीमेंटेड रोड बनाने के बाद शिकायतें आएंगी वहां कार्रवाई होगी। ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा भविष्य में बेहतर काम करने वालों को ही काम दिया जाएगा।

## प्राइवेट अस्पताल में डिलीवरी के बाद प्रसूता की मौत पर जमकर हंगामा

**कैथल।** शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में डिलिवरी के बाद एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने अस्पताल की डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। इसे लेकर मृतका के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी भी की। उन्होंने डायल 112 पर कॉल करके अस्पताल में पुलिस बुला ली और गंभीर आरोप लगाए। राधा स्वामी कॉलोनी कैथल की मृतक महिला की सास रुकमिन ने बताया कि दो दिन पहले उसकी पुत्रवधु पिंकी गर्भवती को डिलीवरी का दर्द हुआ। वे उसे सिविल अस्पताल में लेकर। वहां जांच में डॉक्टरों ने बताया गया कि पेट में ही बच्चे की मौत हो गई है। उसके बाद हाई रिस्क प्रेग्नेंसी बताकर महिला को कैथल अस्पताल में रेफर कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि अगर हाई रिस्क प्रेग्नेंसी थी तो महिला को चंडीगढ़ या करनाल रेफर करना चाहिए था। उन्होंने आरोप लगाया कि आशा वर्कर ने बार-बार अस्पताल में ले जाने का दबाव बनाया और मजबूरन उनको वहीं पर महिला को ले जाना पड़ा। रविवार को इलाज के दौरान महिला की भी मौत हो गई।

### डॉक्टर बोलीं : महिला जब आई तो बच्चे की गर्भ में मौत हो चुकी थी

अस्पताल की संचालिका एवं महिला रोग विशेषज्ञ डा. मोनिका कंसल ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि जब महिला आई तो बच्चे की तो गर्भ में ही पहले ही मौत हो चुकी थी। बच्चे की डिलीवरी के बाद महिला की ब्लीडिंग नहीं रूकी। ऐसे में आपरेशन के बाद बच्चेदानी भी निकालनी पड़ी। महिला की हालात में सुधार नहीं लगा तो उसे सरकारी अस्पताल भेज दिया। उन्होंने कहा कि महिला की डिलीवरी से संबंधित दस्तावेज परिजनों को दे दिए गए हैं।

### विशेष कमेटी करेगी जांच, लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई करेंगे

कैथल की सिविल सर्जन डा. रेनू चावला ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। वे इसकी कमेटी से जांच करवाएंगे। कंसल अस्पताल का सरकारी अस्पताल से लिंक व महिला की मौत के कारणों की विशेष कमेटी बनाकर जांच करवाई जाएगी। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

### बिजली निगम कर्मियों को दिया जाएगा तनाव प्रबंधन का प्रशिक्षण

**चंडीगढ़।** बिजली निगम कर्मियों के कम्युनिकेशन स्किल को सुधार के लिए अब उन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी। पंचकूला के हरियाणा पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में लाइनमैन और असिस्टेंट फोरमैन को 2 दिन क्लास लेने के लिए बुलाया गया है। हरियाणा पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के निर्देश पर उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम ने अपने तहत आने वाले हर जिले से एक-एक कर्मचारी को ट्रेनिंग पर भेजने का फैसला लिया है। 10 जिलों से पंचकूला में 10 लाइनमैन-असिस्टेंट फोरमैन को भेजा जाएगा। पंचकूला के ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में 15 व 16 जनवरी को सुबह साढे 9 से शाम 5 बजे तक इनकी वर्कशॉप रहेगी। ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में इन कर्मियों को मोटिवेशन, प्रोफेशनल व्यवहार, समय प्रबंधन, उचित कम्युनिकेशन स्किल, तनाव प्रबंधन, फर्स्ट ऐड,हीट स्ट्रेस, कार्यस्थल पर शराब और ड्रग्स का सेवन, सर्विस रूल्स के बारे में जानकारी दी जाएगी।



# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





पीएम बोले, दुर्भाग्य से देश में आज भी कुछ ताकतें मंदिर पुनर्निर्माण का विरोध कर रहीं

# सोमनाथ मंदिर को तोड़ने वाले इतिहास के पन्नों में सिमटे : मोदी

मनोज वर्मा ▶▶| सोमनाथ

गुजरात के सोमनाथ मंदिर पर 1000 साल पहले हुए हमले को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि उस वक्त आतताई सोच रहे थे कि वे जीत गए हैं, लेकिन आज भी सोमनाथ मंदिर में फहरा रही ध्वजा बता रही है कि हिंदुस्तान की शक्ति क्या है। दुर्भाग्य से आज भी हमारे देश में वे ताकतें मौजूद हैं, जिन्होंने सोमनाथ के पुनर्निर्माण का विरोध किया था। पीएम ने नेहरू का नाम लिए बिना कहा कि जब सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई। दरअसल, 1951 में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने को लेकर जवाहरलाल नेहरू ने आपत्ति जताई थी। पीएम मोदी ने मंदिर से करीब 3 किमी दूर सद्भावना ग्राउंड में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आज भी ऐसी ताकतों से सावधान रहना है, जो हमें बांटने की कोशिश में लगी हुई हैं। पीएम ने सुबह मंदिर में करीब 30 मिनट तक पूजा-अर्चना की। शिवलिंग पर जल चढ़ाया, फूल अर्पित किए और पंचामृत से अभिषेक किया। मोदी शनिवार शाम सोमनाथ पहुंचे थे। यहां सोमनाथ मंदिर पर साल 1026 में हुए पहले आक्रमण के हजार साल पूरे होने पर 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' मनाया गया।

*गजनवी औरंगजेब सब दफन हुए, सोमनाथ का लहरा रहा परचम*

*सोमनाथ मंदिर पर हमले के 1000 वर्ष पूरे होने पर मना स्वाभिमान पर्व*

*डमरू की गूंज से शौर्य का सवेरा भक्ति व राष्ट्रशक्ति के प्रतीक बने मोदी*

*शौर्य यात्रा में पीएम ने दोनों हाथों में डमरू लेकर बजाया*

*ऑपरेशन सिंदूर के स्कैच से दिखाई शौर्य गाथा, सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 15 जनवरी तक चलेगा*



### सोमनाथ का वजूद नहीं मिटा पाए

आज उस इतिहास के बारे में कल्पना कीजिए, 1 हजार साल पहले 1026 में गजनवी ने मंदिर को तोड़ा था। उसे लगा उसने सोमनाथ का वजूद मिटा दिया, लेकिन इसके बाद ही मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू हो गया। इसके बाद खिलजी ने मंदिर तोड़ा, लेकिन जूनागढ़ के राजाओं ने फिर से मंदिर का पुनर्निर्माण करा दिया।

### न मंदिर नष्ट हुआ, न भारत

ये भी संयोग है कि आज सोमनाथ आक्रमण के 1 हजार साल पूरे हो रहे हैं और अब इसके पुनर्निर्माण के 75 साल भी पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ को नष्ट करने के एक नहीं, अनेकों प्रयास हुए। विदेशी आंक्राताओं द्वारा कई सदियों तक भारत को खत्म करने की कोशिशें होती रहीं, लेकिन न ही सोमनाथ नष्ट हुआ, न ही भारत।

### 108 घोड़ों के साथ शौर्य यात्रा निकाली

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतिम दिन का शुभारंभ रविवार सुबह शौर्य और श्रद्धा के अद्भुत संगम के साथ हुआ। प्रभात बेला में सोमनाथ की धरती पर 108 घोड़ों के साथ भव्य शौर्य यात्रा निकाली गई। गुजराती पगड़ी और हाथों में भगवा ध्वज थामे घुड़सवार जब आगे बढ़े तो सड़कें इतिहास और स्वाभिमान की तस्वीर बन गईं। इस ऐतिहासिक शौर्य यात्रा की अगुआई स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। खुली गाड़ी में सवार मोदी ने दोनों हाथों में डमरू लेकर शिव की आराधना करते हुए उसे पूरे उत्साह से बजाया। प्रधानमंत्री की गाड़ी के आगे–आगे चल रहे भू देवों ने डमरू की ताल पर 'हर हर महादेव' के जयघोष लगाए, जिससे वातावरण शौर्य भाव से भर उठा।

*कोच अंकुश भारद्वाज की बढ़ी मुश्किलें*

## नाबालिग शूटर से दुष्कर्म केस में मिले पुख्ता सबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद



**फरीदाबाद में होटल के सीसीटीवी, स्टाफ के बयान, मोबाइल लोकेशन शिकायत से मेल खा रहे**

साल की नेशनल शूटर के यौन शोषण के मामले में आरोपी नेशनल कोच अंकुश भारद्वाज की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। शुरुआती जांच में आरोपी के खिलाफ पुलिस के हाथ कुछ पुख्ता सबूत लगे हैं। महिला थाना इंचार्ज माया ने बताया कि अभी तक की जांच में शूटर की शिकायत, मौके की स्थिति और टाइमलाइन मेल खा रही है। पीड़ित और आरोपी कोच के बीच की कड़ियां एक दूसरे से मैच कर रही हैं। पुलिस ने फाइव स्टार होटल के सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। इसमें शूटर के होटल में जाने के फुटेज मिले हैं। आरोपी कोच और लड़की के मोबाइल की लोकेशन भी मैच हुई हैं। दोनों की लोकेशन होटल में एक ही जगह की है। होटल के स्टाफ से भी इस केस को लेकर पूछताछ की है। 6 जनवरी को एनआईटी महिला थाने में एफआईआर दर्ज होने के बाद से कोच अंकुश भारद्वाज फरार है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 5 टीमें बनाई गई हैं। 16 दिसंबर को शूटिंग प्रतियोगिता के दौरान कोच ने दुष्कर्म किया था।

### मैच एनालाइज के बहाने होटल बुलाया

पीड़िता ने बताया कि उसके पास कोच ने कॉल किया और फरीदाबाद के सूरजकुंड स्थित एक फाइव स्टार होटल में बुलाया। यहां लॉबी में आकर मैच के बारे में एनालाइज करके लिखने को कहा। सीसीटीवी में शूटर का होटल में आना और लॉबी में जाना उसके बयान से मैच कर रहा है। इसी दौरान कोच ने फिर से कॉल करके उसे लिफ्ट एरिया में आने के लिए कहा। लिफ्ट एरिया में जाने के बाद कोच उसे अपने कमरे में ले गया। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में भी पीड़ित के लिफ्ट एरिया में जाने के सबूत मिले हैं।

**खबर संक्षेप**

### 547 करोड़ के साइबर फ्रॉड में 18 गिरफ्तार



**हैदराबाद।** तेलंगाना के खम्मम जिले में पुलिस ने बड़े साइबर फ्रॉड नेटवर्क से जुड़े 'म्यूल' बैंक अकाउंट चलाने के आरोप में 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, इन अकाउंट्स के जरिए करीब 547 करोड़ के संदिग्ध लेन देन किए गए, जो साइबर ठगी से जुड़े पाए गए हैं। इस मामले में कुल 24 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, जबकि बाकी आरोपी फरार हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी नौकरी, बिजनेस के नाम से बैंक अकाउंट खुलवाते थे।

### इंडियन आइडल 3 के विनर तमांग का निधन



**नई दिल्ली।** इंडियन आइडल 3 के विनर रहे प्रशांत तमांग का 43 साल की उम्र में निधन हो गया। प्रशांत का निधन कार्डियक अरेस्ट की वजह से हुआ है। कार्डियक अरेस्ट आने के दौरान वो दिल्ली के जनकपुरी स्थित अपने घर में ही मौजूद थे। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया था। मगर वहां पहुंचने पर डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## ईरान की कड़ी चेतावनी, हमला हुआ तो अमेरिका और इज़रायल को नहीं बख्शेंगे

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान की संसद के स्पीकर ने अमेरिका और इजरायल को खुली चेतावनी दे दी है। स्पीकर का कहना है कि अगर उन पर हमला होता है तो उनका लक्ष्य अमेरिकी सैनिक और इजरायल होंगे। यानी कि ईरान अमेरिका के खिलाफ सैन्य और इजरायल के ठिकानों को लक्ष्य बनायेगा। ईरान की धमकी के बाद इजरायल ने अलर्ट घोषित कर दिया है। ईरान में पिछले साल से शुरू हुए आर्थिक संकट के विरोध प्रदर्शन अब व्यापक राजनीतिक आंदोलन बन चुके हैं, जो सीधे इस्लामिक शासन की वैधता को चुनौती दे रहे हैं।

**नेतन्याहू–रूबियो कॉल के बाद इजरायल हाई अलर्ट मोड में**



### ईरान में प्रदर्शनों में 538 की मौत

ईरान में देशव्यापी प्रदर्शन रविवार को राजधानी तेहरान और देश के दूसरे बड़े शहरों में भी फैल गए। प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 538 हो गई है। अमेरिका स्थित 'ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी' के अनुसार, मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 538 हो गई है और 10,670 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। प्रदर्शन के मद्देनजर ईरान में इंटरनेट और फोन सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

*यह इस साल का पहला मिशन*

## पीएसएलवी-सी62 के प्रक्षेपण के लिए उल्टी गिनती शुरू

**श्रीहरिकोटा (भाषा)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण वाहन (पीएसएलवी) रॉकेट सी62 मिशन के प्रक्षेपण के लिए रविवार को साढ़े बाईस घंटे की उल्टी गिनती शुरू की। इस साल के पहले मिशन के जरिये पृथ्वी अवलोकन उपग्रह के साथ-साथ 14 अन्य सह उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसरो की वाणिज्यिक शाखा, न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के लिए भेजे जा रहे इस मिशन में 14 घरेलू और विदेशी उपग्रहों को कक्ष में स्थापित किया जाएगा। इसरो ने बताया कि 260 टन के भार वाले पीएसएलवी-सी 62 रॉकेट का प्रक्षेपण सोमवार को पूर्वाह्न 10.17 बजे के बजाय पूर्वाह्न 10.18 बजे के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है।

**इसरो की सभी तैयारियां पूरी, इसके साथ 14 अन्य सह उपग्रह भी स्थापित होंगे**

*संयुक्त राष्ट्र से घोषित आतंकवादी मसूद अजहर की धमकी*

## एक नहीं, हजार से ज्यादा सुसाइड बॉम्बर तैयार, दुनिया को चौंका देंगे

*आतंकी सरगना मसूद का कहना है कि उसके हमलावर हमले करने और अपने मकसद के लिए शहादत पाने के लिए बेताब हैं*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना और संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी मसूद अजहर का एक नया ऑडियो सामने आया है। जिसमें वो यह कहते हुए सुनाई दे रहा है कि उसके पास हजारों सुसाइड बॉम्बर तैयार हैं, जो किसी भी समय हमला करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के चीफ मसूद अजहर के इस आडियो से यह स्पष्ट हो रहा है कि उसका गिरोह अब भी किसी खतरनाक तैयारी में जुटा है। मसूद अजहर के सामने आए ऑडियो के जरिए दावा है कि एक हजार से अधिक आत्मघाती हमलावर तैयार हैं और अजहर पर भारत में घुसपैठ की अनुमति देने का दबाव डाल रहे हैं। अजहर का कहना है कि असली संख्या जानकर दुनिया भर का मीडिया चौंक जाएगा।

**इस ऑडियो के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सीमाओं पर निगरानी और सख्त की**



फाइल फोटो

***विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे ऑडियो मैसेज तब जारी होते हैं जब संगठन दबाव में होता है***

**भारत ने पहुंचाया था जैश को भारी नुकसान :** गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में मसूद अजहर के नेतृत्व वाली जैश-ए-मोहम्मद के ठिकानों को भी बड़ा नुकसान पहुंचा था। ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में मसूद अजहर के कई करीबी, रिश्तेदार सहित कई आतंकी भी मारे गए थे। मसूद अजहर का ऑडियो वायरल होने के बाद विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे ऑडियो मैसेज तब जारी होते है, जब संगठन दवाब में होता है। मसूद अजहर के वायरल ऑडियो को उसकी बौखलाहट भी माना जा रहा है।

### एसबीआई : एटीएम से कैश निकालने पर देना होगा चार्ज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अपने एटीएम ट्रांजेक्शन चार्जेस में बदलाव किया है। यह बदलाव इंटरचेंज फीस बढ़ने की वजह से किया गया है। यह फरवरी 1, 2025 के बाद पहला रिवीजन है। साधारण सेविंग्स अकाउंट (पर्सनल सेगमेंट, बीएसबीडी, केसीसी और सैलरी पैकेज को छोड़कर) की बात करें तो दूसरे बैंक के एटीएम पर हर महीने 5 फ्री फाइनेंशियल और नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन मिलते हैं, इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। फ्री लिमिट के बाद कैश विड्रॉल पर अब 23 रुपये + जीएसटी लगेंगे, पहले यह 21 रुपये + जीएसटी था। नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन (जैसे बैलेंस चेक, मिनी स्टेटमेंट) पर फ्री लिमिट के बाद 11 रुपये + जीएसटी लगेंगे, पहले 10 रुपये + जीएसटी था।

**फ्री लिमिट के बाद कैश विड्राल पर लगेंगे 23 रुपये + जीएसटी**

### भारत ने न्यूजीलैंड को हराया कोहली ने 93 रन बनाए

**वडोदरा (एजेंसी)।** वडोदरा। भारत ने वनडे सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम इंडिया ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा मैच 14 जनवरी को राजकोट में खेला जाएगा। वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में रविवार को भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 300 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 49 ओवर में 6 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। केएल राहुल ने क्रिस्टियन क्लार्क की बॉल पर छक्का लगाकर जीत दिलाई। उन्होंने नाबाद 29 रन बनाए। विराट कोहली ने 93, श्रेयस अय्यर ने 49 और कप्तान शुभमन गिल ने 56 रन बनाए। न्यूजीलैंड के काइल जैमिसन ने 4 विकेट लिए।

**3 मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त, कप्तान गिल की फिफ्टी**

### इंदौर में चाइनीज मांझे से 4 घंटे में 3 के गले कटे

**इंदौर (एजेंसी)।** चाइनीज मांझे से 4 घंटे के भीतर 3 बाइक सवार युवकों का गला कट गया। एक युवक की अस्पताल में मौत हो गई जबकि दो की सर्जरी करनी पड़ी है। पहला हादसा खजराना ब्रिज पर रविवार शाम करीब साढ़े 5 बजे हुआ। मृतक की पहचान रघुवीर धाकड़ के रूप में हुई है, जो बिचौली मर्दाना स्थित ओम साई विहार कॉलोनी का निवासी था। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन के मुताबिक, रघुवीर टाइल्स के काम की ठेकेदारी करता था। रविवार को छुट्टी होने के बावजूद बाइक से एक साइट देखने गया था। घर लौटते वक्त शकुंतला अस्पताल के पास चाइनीज मांजे की चपेट में आ गया। राहगीरों ने उसके मोबाइल से परिवार को सूचना दी।

**इंदौर में टाइल्स ठेकेदार की अस्पताल में मौत**

*भारत के कानूनों का पालन करेगा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म*

## ग्रोक पर एआई से अश्लील तस्वीरें नहीं बनेंगी, एक्स ने मानी गलती

**3,500 कंटेंट ब्लॉक किए, 600 से ज्यादा अकाउंट डिलीट**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने कंटेंट मॉडरेशन में अपनी गलतियां स्वीकार की हैं। कंपनी ने कहा है कि अश्लील इमेज जनरेशन पर पूरी तरह से रोक लगाएगी और भारत के कानूनों का पालन करेगी। सरकार के सूत्रों के मुताबिक यह फैसला अश्लील कंटेंट वायरल होने के बाद लिया गया। प्लेटफॉर्म ने बताया कि उन्होंने 3,500 से ज्यादा कंटेंट ब्लॉक कर दिए हैं। साथ ही 600 से अधिक अकाउंट्स भी डिलीट कर दिए गए हैं।

### भारत हमारे लिए बड़ा बाजार

एक्स ने कार्रवाई की जानकारी देते हुए कहा कि भारत हमारे लिए बड़ा बाजार है। कंपनी ने कहा कि वह यहां के नियमों का सम्मान करेगी। यह कदम कंटेंट मॉडरेशन को मजबूत बनाएगा। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा-एक्स ने कंटेंट को रोकने की जगह सीमित कर दिया है। राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शनिवार को एक्स पर इस मामले में फिर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने ग्रोक के माध्यम से आपत्तिजनक और यौन रूप से उत्तेजक इमेज जेनरेशन को पूरी तरह से रोकने की बजाय केवल पेड यूजर्स तक सीमित कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम प्रभावी रूप से महिलाओं और बच्चों की तस्वीरों के अनधिकृत दुरुपयोग की अनुमति देता है, जिससे उन्हें जोखिम में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्म निंदनीय व्यवहार को मॉनिटाइज कर रहा है, यह शर्मनाक है।



### प्रियंका चतुर्वेदी ने उठाया था मुद्दा

दरअसल, शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने 2 जनवरी को एआई चैटबोट ग्रोक के गलत इस्तेमाल को लेकर आईटी मिनिस्टर को लेटर लिखा था। इसके बाद केंद्र सरकार ने उसी दिन एक्स से कहा था कि वह एआई ऐप ग्रोक से बनाई जा रही अश्लील, फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जिम्मेदारी टूल की नहीं यूजर की : मस्क

इससे पहले एक्स के मालिक इलॉन मस्क ने 3 जनवरी को कहा था कि कुछ लोग कह रहे हैं कि ग्रोक आपत्तिजनक तस्वीरें बना रहा है, लेकिन यह ऐसे है जैसे किसी बुरी बात को लिखने के लिए पेन को दोष देना। कलम यह तय नहीं करती कि क्या लिखा जाएगा। यह काम उसे पकड़ने वाला करता है। मस्क ने कहा कि ग्रोक भी उसी तरह काम करता है। आपको क्या मिलेगा, यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि आप उसमें क्या इनपुट देते हैं। क्योंकि जिम्मेदारी टूल की नहीं, उसे इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति की होती है।




### भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही

# वाइब्रेंट गुजरात में पीएम बोले- भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिन के गुजरात दौरे पर है। पीएम मोदी ने राजकोट में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं और देश आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है।

■ देश में महंगाई पूरी तरह नियंत्रण में है

पीएम मोदी ने कहा, 2026 के आरंभ के बाद ये मेरा गुजरात का पहला दौरा है। बीते वर्षों में भारत ने बहुत तेज प्रगति भी की है और इसमें गुजरात की, आप सभी की बहुत बड़ी भूमिका रही है। भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेज गति से आगे बढ़ रहा है और जो आंकड़ें आ रहे हैं, उससे ये साफ है कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

### कृषि उत्पाद देश में नया रिकॉर्ड बना रहे

### दूध उत्पादन में आज भारत दुनिया में नंबर वन है

### पीएम मोदी का हरित उर्जा पर जोर

पीएम मोदी बोले, सौराष्ट्र और कच्छ भारत के हरित विकास, हरित गतिशीलता और ऊर्जा सुरक्षा का भी एक बड़ा हब बन रहा है। कच्छ में 30 गीगावाट कैपेसिटी का रिन्यूएबल एनर्जी पार्क बन रहा है। ये दुनिया का सबसे बड़ा हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी पार्क होगा। आप कल्पना कर सकते हैं कि ये पार्क पेरिस शहर से भी पांच गुना बड़ा है। यानी इस क्षेत्र में स्वच्छ उर्जा प्रतिबद्धता के साथ-साथ व्यावसायिक पैमाने की वास्तविकता भी है।



*तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर :* प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हालिया आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं और देश आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती तीसर प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में महंगाई नियंत्रण में है और कृषि उत्पादन नए रिकॉर्ड बना रहा है।

### पीएम मोदी ने की निवेश की अपील

पीएम मोदी कहते हैं, मैं यह बात लंबे समय से कह रहा हूं, अगर आप इसमें देरी करेंगे तो मुझे दोष मत देना। सौराष्ट्र-कच्छ में आपका हर निवेश गुजरात और देश के विकास में योगदान देगा। अभी रवांडा की हाई कमिश्नर बता रही थीं कि जब वह रवांडा गईं, तो उन्होंने वहां 200 गायें गिफ्ट की थीं। ये 200 गायें हमारी गिर गायें थीं। जब हम वहां की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए 200 गायें देते हैं, तो एक नियम है कि पहला बछड़ा हमें वापस करना होगा। हम उन्हें दूसरे परिवारों को दे देते हैं। यानी, यह 200 गायों से शुरू हुआ था। ये गायें हजारों परिवारों तक पहुंच गई हैं। यह रवांडा की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बहुत ताकत दे रहा है।

# टीएमसी कार्यकर्ता पेट्रोल से चाहते थे जलाना

एजेंसी ▶▶| कोलकाता। पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी के काफिले पर मेदिनीपुर में हमला हुआ। इसके बाद भाजपा नेता हरेक जिले में प्रदर्शन करने लगे। अब सुवेंदु के काफिले पर हुए हमले को लेकर गृह मंत्रालय सख्त हो गया है। इस कथित हमले के संबंध में मंत्रालय ने उनके कार्यालय से रिपोर्ट मांगी है। आरोप है कि शनिवार देर शाम पुरुलिया के पास टीएमसी समर्थकों द्वारा सुवेंदु अधिकारी के काफिले पर हमला किया गया।

### गृह मंत्रालय ने मांगी फुटेज



सुवेंदु कहा कि हम यहां न्याय मांगने आए हैं। मैंने इसमें शामिल लोगों के नाम बताए हैं। एफआईआर दर्ज होनी चाहिए और दोषियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। वे बांस की लाठियां लेकर आए थे और दो कारों पर हमला किया, उन्हें नहीं पता था कि मैं किस कार में था। उनके पास पेट्रोल का एक केन भी था। चुनाव आ रहे हैं, और वे जानते हैं कि वे हार रहे हैं। वे बंगाल से भाजपा को खत्म करना चाहते हैं।

### कांग्रेस के पूर्व विधायक पर रेप का तीसरा केस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के निलंबित विधायक राहुल मामकूटाथिल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न का तीसरा मामला सामने आया है। राहुल को जल्द ही मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा। राहुल पर पहले से यौन उत्पीड़न के दो मामले चल रहे हैं। केरल हाईकोर्ट ने पिछले महीने राहुल को जमानत दी थी। उन पर कई मामले चल रहे हैं।




**सांकेतिक कब्जा सूचना**

**ICICI Home Finance** | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059

**शाखा कार्यालय :** एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्केट, यूई-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रामफल पुत्र महेन्द्र सिंह (कर्जदार), दर्शना देवी पत्नी रामफल (सह-कर्जदार) निवासी 1249 किरधान, जिला फतेहाबाद, हरियाणा-125053. LHHIS00001283165. | गांव किरदान उपतहसील भट्टू कलां, जिला फतेहाबाद में स्थित खेवट नं. 917 और खसरा नं. 152//17(1/2(4-18) में निहित भूमि माप 04-18एम में से 1/14 हिस्सा जो सम्पत्ति माप 7 मरले है, के सभी भाग व हिस्से। दर्शना देवी पत्नी श्री रामफल के पक्ष में रामफल पुत्र महेन्द्र सिंह द्वारा निष्पादित। दस्तावेज नं. 376 दिनांक 24.05.2019. सीमाएं - उत्तर : देवीलाल गुज्जर का प्लॉट, दक्षिण : पवन पुत्र दुल्ला राम का प्लॉट, पूर्व : रोड, पश्चिम : राम सिंह का प्लॉट। /कब्जे की तिथि- 07.01.2026. | 24-10-2025 रु. 7,44,413/- | हिसार |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।


दिनांक : 12 जनवरी 2026
स्थान : फतेहाबाद

प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड


### संघ के कार्यक्रम में बोले डॉ. भागवत

# संघ धीरे-धीरे विकसित हो रहा और नया रूप धारण कर रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि आरएसएस बदल नहीं रहा है, बल्कि समय के साथ धीरे-धीरे विकसित हो रहा है और बस सामने आ रहा है। भागवत दिल्ली स्थित संगठन के कार्यालय में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यहां फिल्म 'शतक' के गाने के एल्बम को लॉन्च किया गया। यह फिल्म आरएसएस के 100 साल के सफर की कहानी बताती है। डॉ.भागवत ने कहा कि संघ अपनी शताब्दी मना रहा है। जैसे-जैसे संगठन विकसित होता है और नए रूप लेता है, लोग इसे बदलते हुए देखते हैं। हालांकि यह असल में बदल नहीं रहा है बस सामने आ रहा है। इस मौके पर सिंगर सुखविंदर सिंह, डायरेक्टर आशीष मल्ल, को-प्रोड्यूसर आशीष तिवारी और आरएसएस पदाधिकारी भैयाजी जोशी मौजूद रहे।

**पेड़ का दिया उदाहरण**

उन्होंने कहा कि जैसे एक बीज से अंकुर निकलता है और फलों और फूलों से लदा हुआ परिपक्व पेड़ का एक अलग रूप होता है, ये दोनों रूप अलग-अलग हैं।

### संघ और डॉक्टर साहब पर्यायवाची शब्द

उन्होंने कहा, 'संघ और डॉक्टर साहब (हेडगेवार) पर्यायवाची शब्द हैं। वो जब सिर्फ 11 साल के थे, जब उनके माता-पिता का प्लेग से निधन हो गया था, लेकिन उन्हें उस उम्र में या बाद में भी, बात करने या भरोसा करने वाला कोई नहीं मिला। मोहन भागवत ने कहा कि जब इतनी कम उम्र में इतना बड़ा सदमा लगता है।

### ओवैसी का सीएम सरमा पर पलटवार, कहा

# उनके दिमाग में ट्यूबलाइट संविधान में यह कहां लिखा

एजेंसी ▶▶| नागपुर

महाराष्ट्र निकाय चुनाव प्रचार में व्यस्त ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का हिजाब पहने बेटी का एक दिन देश का प्रधानमंत्री बनने वाले बयान पर सियासत शुरू हो चुकी है। ओवैसी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर तीखा हमला बोला है। ओवैसी का यह बयान असम सीएम की टिप्पण के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत एक हिंदू राष्ट्र होने के नाते एक हिंदू व्यक्ति को ही देश का प्रधानमंत्री बनते हुए देखेगा। नागपुर में ओवैसी ने असम सीएम पर करारा तंज कसते हुए कहा कि उनके दिमाग में 'ट्यूबलाइट' है। उन्होंने संविधान की कसम खाई है। संविधान में यह कहां लिखा है? पाकिस्तान के संविधान में लिखा है कि सिर्फ एक समुदाय का व्यक्ति ही उस देश का प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति बन सकता है। सीएम सरमा की सोच छोटी है, इसलिए वे ऐसी छोटी-छोटी बातें करते हैं।



**रामभद्राचार्य की दो टूक**

### भारत में साड़ी पहनकर ही कोई महिला प्रधानमंत्री बनेगी



जयपुर में ओवैसी के बयान पर कथावाचक रामभद्राचार्य ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। अब्दुल कलाम राष्ट्रपति बने। हामिद अंसारी उपराष्ट्रपति बने। उन्हें और क्या चाहिए?...वे दिवास्वप्न देख रहे हैं। अगर भारत में कोई महिला प्रधानमंत्री बनती है, तो वह साड़ी पहनेगी। रामभद्राचार्य अक्सर राजनीतिक मामलों में टिप्पणी करते हैं। जो कई बार विवादित भी हो जाती हैं।

### अय्यर के बयान पर भड़की भाजपा

# 'इस्लामाबाद नेशनल कांग्रेस' नहीं चाहती ऑपरेशन सिंदूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एक बार फिर से अपने बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के निशाने पर आ गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिसंकर अय्यर द्वारा दिए गए बयान की भाजपा ने कड़ी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी लगातार पाकिस्तान के प्रति नरम रुख अपनाए रखना चाहती है। एक वीडियो में अय्यर भारत सरकार को सलाह देते हुए कहते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर को बंद कर देना चाहिए और भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत करना चाहिए। अय्यर की इस वीडियो पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावालन ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।




## चिंतन

# अमेरिका का दूसरों के मामलों में दखल क्यों

जब आकांक्षाएं बदलती हैं तो इसका असर कहीं न कहीं दिखाई देता ही है। ऐसा ही काम अब दुनिया का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हर देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते नजर आते हैं। हाल ही में टैरिफ से दुनिया में हलचल मचाने वाले ट्रंप युक्रेन, वेनेजुएला के बाद अब ईरान में भी हस्तक्षेप कर रहे हैं। हालांकि अमेरिका की शुरू से ही दूसरों के मामलों में टांग अड़ाने की आदत रही है। आखिर अमेरिका जैसे देश का दूसरे देशों के मामले में हस्तक्षेप कहां तक उचित है। वह भी तब, जब दुनिया में बदलाव की बयार चल रही हो। अब मामला ईरान का है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान का कहना है कि अमेरिका और इज़राइल ईरान में दंगे भड़काकर अराजकता और अव्यवस्था फैलाना चाहते हैं। उन्होंने ईरानियों से दंगाइयों और आतंकवादियों से दूरी बनाए रखने का आह्वान किया। बता दें कि ईरान में धार्मिक सत्ता को चुनौती देने वाले राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों को दो सप्ताह से अधिक समय हो चुका है। हिंसक प्रदर्शनों में अब तक 190 लोगों की जान जा चुकी है। ईरान के संसद अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी के अनुसार इस्लामी गणराज्य पर हमला करता है, तो अमेरिकी सेना और इज़राइल उसके वैध लक्ष्य होंगे। ईरान का कहना है कि अमेरिका न सिर्फ अशांति एवं असुरक्षा का वातावरण बना रहा है, अपितु आतंकवाद और हिंसा भी भड़का रहा है। साथ ही, उसने यह भी आरोप लगाया कि ईरान में आर्थिक समस्याओं की बड़ी वजह अमेरिका द्वारा लगाए गए अवैध एवं अन्यायपूर्ण प्रतिबंध हैं। हालांकि अमेरिका का कहना है कि वह ईरान में मानवाधिकारों की रक्षा और परमाणु समझौते के पालन को सुनिश्चित करना चाहता है। ईरान का मानना है कि वह उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है और अशांति फैला रहा है। अमेरिका एक वैश्विक शक्ति है और वह अपने हितों को बचाने के लिए दूसरों के मामलों में दखल देता है। बता दें कि ईरान में अमेरिका के दखल का इतिहास 1953 से शुरू होता है, जब अमेरिका ने ईरान के प्रधानमंत्री मोहम्मद मोसादेघ की सरकार का तख्तापलट करवा दिया था। इसके बाद ईरान में शाह वंश का शासन स्थापित हुआ, जो अमेरिका के इशारों पर काम करता था। 1978 के बाद से अमेरिका की दुश्मनी ईरान के साथ ज्यादा बढ़ गई। ईरान को कंट्रोल करने के लिए 1979 के बाद से अमेरिका ने कई कवायद की, लेकिन उसे सफलता नहीं मिल पाई। आखिरी बार जून 2025 में जब अमेरिका ने ईरान पर हमला किया था, तो उस वक्त ईरान ने होर्मुज के नीचे बारूद बिछवा दिया। इसकी वजह से आनन-फानन में अमेरिका को सीजफायर करना पड़ा। अब ट्रंप नए सिरे से ईरान पर कंट्रोल हासिल करने की प्लानिंग में हैं। कहा यह भी जा रहा है कि ईरान की इकोनॉमी मुख्य रूप से ऑयल और नैचुरल गैस पर निर्भर है। ईरान के पास 208209 अरब बैरल तेल अभी भी है। ये दुनिया के कुल प्रमाणित तेल भंडार का 12% हिस्सा है। ईरान को सऊदी अरब और इजराइल का विरोधी माना जाता है। ये दोनों ही देश अमेरिका के करीबी हैं। अमेरिका की नजर ईरान के ऑयल और गैस रिजर्व पर है। अगर अमेरिका, ईरान पर कंट्रोल कर लेता है, तो दुनिया के व्यापार का 20% उसके कब्जे में आ जाएगा। अमेरिका की खास दिलचस्पी होर्मुज स्ट्रेट और फारस की खाड़ी को लेकर भी बताई जा रही है।

## संकल्प

डॉ. पवन कुमार शर्मा



# राष्ट्र चेतना व आस्था का उत्सव है सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में गुजरात के सोमनाथ को बारह पवित्र ज्योतिर्लिंगों में प्रथम स्थान पर रखा गया है, जिससे भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में उसके महत्व का पता चलता है। यह उस सभ्यतागत विश्वास को प्रतिबिंबित करता है कि सोमनाथ भारत के आध्यात्मिक भूगोल का आधार है। गुजरात में वेरावल के निकट प्रभास पाटन में अरब सागर के किनारे स्थित, सोमनाथ केवल एक पूजा स्थल नहीं है, बल्कि भारत की सभ्यतागत निरंतरता का एक जीवंत प्रतीक है। 1000 वर्ष पूर्व, 1026 ईस्वी में महमूद गज़नवी ने पहली बार हिंदू आस्था के इसी केंद्र बिंदु सोमनाथ पर आक्रमण किया था, लेकिन आक्रमणों, विध्वंस और अपमान के बावजूद सोमनाथ ने आत्मसमर्पण नहीं किया। आस्था के इस केंद्र की गौरवशाली विरासत को याद करने के लिए 8 से 11 जनवरी 2026 तक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया गया। यह भव्य आयोजन भारत की सांस्कृतिक अस्मिता, ऐतिहासिक स्मृति, राष्ट्रीय स्वाभिमान और राष्ट्र चेतना का प्रतीक बन गया है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का उद्देश्य भारत की उस आत्मा को स्मरण करना है, जिसने हर दौर में पुनर्निर्माण का साहस दिखाया।

सोमनाथ मंदिर का इतिहास बताता है कि कैसे यह स्थल बार-बार नष्ट किया गया, लेकिन हर बार और अधिक भव्यता के साथ खड़ा हुआ। यह पर्व नई पीढ़ी को अपने अतीत से जोड़ने और आत्मगौरव की भावना जागृत करने का माध्यम है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में देश-विदेश से श्रद्धालु, संत, इतिहासकार और जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। सहस्त्र वर्षों के लंबे संघर्षकाल के बाद आया यह मौका केवल उत्सव का नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी अवसर बना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन कार्यक्रम का केंद्र बिंदु रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में सोमनाथ को भारत की आत्मा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की अटूट चेतना और स्वाभिमान का साक्षात स्वरूप है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इतिहास को केवल पीड़ा के रूप में नहीं, बल्कि प्रेरणा के स्रोत के रूप में देखा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन्होंने सोमनाथ को तोड़ने का प्रयास किया, वे इतिहास में खो गए, लेकिन सोमनाथ आज भी अडिग खड़ा है। राष्ट्र निर्माण में आत्मगौरव और सांस्कृतिक चेतना का होना आवश्यक है। उन्होंने विकास और विरासत के संतुलन की बात करते हुए कहा कि आधुनिक भारत अपनी प्राचीन जड़ों पर गर्व करता है। प्रधानमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का स्मरण करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत में सोमनाथ का पुनर्निर्माण केवल धार्मिक कार्य नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय आत्मसम्मान की पुनर्स्थापना थी। आज का भारत आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सांस्कृतिक रूप से जागरूक भारत है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व इसी चेतना का प्रतीक है। जब राष्ट्र अपनी जड़ों से जुड़ा होता है, तभी वह वैश्विक मंच पर मजबूती से खड़ा हो सकता है। स्वाभिमान पर्व के दौरान 72 घंटे का अखंड ओंकार जाप, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रकाश-ध्वनि कार्यक्रम और ऐतिहासिक प्रदर्शनी आयोजित की गईं।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से सोमनाथ के इतिहास और संघर्ष को जनसामान्य तक प्रभावी रूप से पहुंचाया गया। सदियों तक सोमनाथ करोड़ों लोगों की श्रद्धा और उपासना का केंद्र रहा है। इसे बार-बार उन आक्रमणकारियों द्वारा निशाना बनाया गया, जिनका उद्देश्य भक्ति नहीं, बल्कि विनाश था। इसके बावजूद सोमनाथ की कथा सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ों लोगों के अटूट साहस, विश्वास और संकल्प से जानी जाती है। पुराणों के अनुसार, सोमनाथ मंदिर की स्थापना स्वयं चंद्रदेव ने की थी। कहा जाता है कि चंद्रमा ने भगवान शिव की आराधना कर अपने क्षय रोग से मुक्ति पाई और कृतज्ञता स्वरूप इस ज्योतिर्लिंग की स्थापना की। ऋग्वेद, स्कंद पुराण, शिव पुराण और भागवत पुराण में सोमनाथ की महिमा का वर्णन मिलता है। प्राचीन काल में सोमनाथ मंदिर अपार संपन्नता और वैभव का केंद्र था। विदेशी यात्रियों के वर्णनों के अनुसार, मंदिर में सोने-चांदी के कलश, रत्नजड़ित द्वार और हजारों दीपक सदैव प्रज्ज्वलित रहते थे। समुद्री व्यापार के कारण यह क्षेत्र अत्यंत समृद्ध था और सोमनाथ उस समृद्धि का प्रतीक था। यह मंदिर आने वाली पीढ़ियों को यह प्रेरणा देता रहेगा कि आस्था और आत्मबल के सामने कोई भी आक्रमण टिक नहीं सकता। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल अतीत की स्मृति नहीं बल्कि भविष्य का संकल्प है। यह दिव्य भव्य आयोजन संदेश देता है कि भारत अपनी आस्था, इतिहास और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ रहा है

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



जयंती विशेष

शिवप्रकाश

# स्वामी विवेकानंद के दिखाए मार्ग पर चलें

स्वामी विवेकानंद कुशाग्र बुद्धि, युवा प्रणेता, शिक्षा उन्नायक, समाज सुधारक, धर्म प्रचारक एवं समरसता के प्रेरक जैसे गुणों से युक्त थे। 11 सितंबर 1893 के विश्व धर्म सभा के अपने भाषण के कारण विश्व प्रसिद्ध हो गए। भारत सरकार ने 1984 से स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को "युवा दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया। वे स्वतंत्र आंदोलन के महान क्रांतिकारियों की प्रेरणा थे। घोर गुलामी के कालखंड में भी भारत के दायित्व के प्रति उन्होंने जो विश्वास प्रकट किया, उसको पूर्ण करने का कार्य वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को करना है। जीवन की अल्पावधि में जो महान कार्य उनके द्वारा हुए, उनको पूर्णता प्रदान करने का संकल्प लेना उनके जन्मदिवस पर उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में हुआ था। भगवान शिव की कृपा स्वरूप वह प्रसिद्ध अधिवक्ता पिता विश्वास नाथ दत्त एवं माता भुवनेश्वरी देवी के परिवार में जन्मे थे। बचपन में उनको नरेन्द्रनाथ दत्त नाम मिला था। बाल्यकाल में उनको विले एवं नरेन के नाम से भी पुकारा जाता था। स्वामी रामकृष्ण परमहंस से दीक्षा लेने की बाद प्रारंभ में वह विविदिषानन्द तत्पश्चात वह विश्व भर में स्वामी विवेकानंद के नाम से प्रसिद्ध हुए। वह कुशाग्र बुद्धि, युवा प्रणेता, शिक्षा उन्नायक, समाज सुधारक, धर्म प्रचारक एवं समरसता के प्रेरक जैसे गुणों से युक्त थे। युवा पीढ़ी में भारतीय स्वाभिमान को बढ़ाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। उनके आह्वान के कारण अंग्रेजी दासता से मुक्ति के लिए अनेक युवकों ने अपना संपूर्ण जीवन स्वतंत्रता के लिए दांव पर लगाया। स्वामी विवेकानंद 11 सितंबर 1893 के विश्व धर्म सभा के अपने भाषण के कारण विश्व प्रसिद्ध हो गए। भारत सरकार ने 1984 से स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को "युवा दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

क्रिस्टोफर कोलंबस के अमेरिका पहुंचने के 400 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शिकागो (अमेरिका) में विश्व धर्म सभा का आयोजन किया गया था। इसका उद्देश्य विगत 400 वर्षों में हुई भौतिक प्रगति को दिखाना एवं ईसाई धर्म का वैश्विक विस्तार एवं उसकी श्रेष्ठता को सिद्ध करना था। मिशिगन झील के चारों तरफ़ एक भव्य एवं विशाल प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया था। 494 किलोमीटर लम्बी झील पर लगी इस प्रदर्शनी को लाखों लोगों द्वारा देखा गया। इस आयोजन के महत्वपूर्ण कार्यक्रम धर्मसभा के अंतर्गत हुए स्वामी विवेकानंद के संक्षिप्त भाषण से भारत के धर्म, विचार एवं दर्शन के साथ-साथ भारतवासियों द्वारा संपूर्ण विश्व के प्रति किए गए व्यवहार का दर्शन संपूर्ण विश्व को हुआ। उनके सारगर्भित भाषण से हिंदू धर्म संपूर्ण विश्व में पुनः स्थापित हुआ। साथ ही स्वामी विवेकानंद भी संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध हो गए। अपने भाषण में उन्होंने हिंदू धर्म में वर्णित संपूर्ण विश्व को परिवार मानने की हमारी दृष्टि, सहिष्णुता ही नहीं सभी सत्य है एवं इस सत्य की यात्रा अपने-अपने मार्ग से करते हुए एक ही स्थान पर पहुंचते हैं तथा हिन्दू धर्म को सभी को स्वीकार कर शरण देने वाला हमारा व्यवहार यह उनके भाषण का सार था। इसको शिव महिमा स्तोत्र एवं गीता के मंत्र को गायन कर उन्होंने प्रतिस्थापित किया, जो आज भी संपूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। संपूर्ण पृथ्वी के संसाधनों पर कब्जा करने के लिए व्यवस्थाओं का अतिक्रमण, अनेक देशों में परस्पर चलने वाले युद्धों से कराहती मानवता, अपने धर्म के विस्तार के लिए दूसरे धर्म अनुयायियों की समाप्ति के प्रयास, आज भी संपूर्ण मानवता के सम्मुख चुनौती हैं। इसी की चेतावनी जिसको स्वामी जी ने अपने भाषण में वर्णित किया था कि सांप्रदायिकता, हठधर्मिता, धर्मांधता पृथ्वी को हिंसा से भरती रही है। उन्होंने आह्वान किया था कि सभा के सम्मान में हुआ उत्पीड़न एवं पारस्परिक कटुता का मृत्यु निनाद सिद्ध होगा। यह लक्ष्य प्राप्ति अभी भी कोसों दूर है। हिंदू धर्म में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन के लिए उन्होंने समाज का आह्वान किया था।

अस्पृश्यता पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा था कि "हिंदू धर्म का एक ही सिद्धांत रह गया है, मुझे मत छुओ-



मुझे मत छुओ। इस मत छुओवाद के कारण समाज की बहुत बड़ी क्षति हुई है। यह ईश्वर की व्यवस्था एवं मानवता के प्रति घोर अन्याय है।" अनेक महापुरुषों एवं संस्थाओं के प्रयासों के बाद भी यह कार्य अभी अपूर्ण है। समरस समाज निर्माण के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें अभी भी सतत प्रयत्न करने हैं। आज जब संपूर्ण देश में मतांतरण, लवजेहाद, लैंड जेहाद, घुसपैठ जैसे माध्यमों से देश की जनसांख्यिकी परिवर्तन का प्रयास हो रहा है। ऐसे समय स्वामी विवेकानंद का यह विचार कि "जब एक हिंदू अपना धर्म छोड़ता है, तब केवल एक हिंदू कम नहीं होता, बल्कि देश का एक शत्रु बढ़ जाता है।" अमेरिका में ईसाई मिशनरियों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा था कि"समाज की गरीबी एवं लाचारी का लाभ उठाकर प्रलोभन अथवा सेवा का माध्यम बनाकर धर्मांतरण करना यह सेवा नहीं व्यापार है।"

लॉर्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति को उन्होंने नकारात्मक शिक्षा पद्धति कहा, जो आने वाली पीढ़ी के मन में अपनी परंपरा, संस्कृति, इतिहास, भाषा एवं महापुरुषों के प्रति ग्लानि का निर्माण करती है। उनका कहना था कि "वह शिक्षा जो तुम्हें आत्मनिर्भर न बनाये, वह शिक्षा नहीं है।"

स्वामी विवेकानंद केवल धर्म प्रचारक ही नहीं, वह भारत के आर्थिक विकास के प्रति भी सजग थे। हमारे युवा आर्थिक विकास के लिए विज्ञान एवं तकनीकी का उपयोग करने वाले बनें, यह आह्वान भी उन्होंने किया था। प्रसिद्ध उद्योगपति जमशेद जी टाटा से यात्रा के समय हुए संवाद में भारत की आर्थिक प्रगति में उनके योगदान के संबंध में चर्चा की थी। जमशेद जी टाटा द्वारा भारतीय विज्ञान संस्थान एवं टाटा स्टील जैसे उद्योगों की स्थापना के पीछे स्वामी जी की ही प्रेरणा थी। इस भेंट में स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि "केवल विदेश से तकनीकी आयात करना भारत की गरीबी नहीं मिटाएगा, हमें अपनी तकनीकी स्वयं विकसित करनी होगी।" भारत विश्व की सर्वाधिक युवा जनसंख्या वाला देश है। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा था कि "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति से पहले मत रुको"(उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत)। उनका कहना था कि "मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है। इन्हीं में से राष्ट्र निर्माण के कार्यकर्ता निकलेंगे।" उन्होंने स्वस्थ एवं फौलादी शरीर वाले, संवेदनशील हृदय वाले, सेवाभावी युवाओं की कल्पना की थी। मानसिक गुलामी से मुक्ति का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा था कि "भारत की कमजोरी आर्थिक गरीबी नहीं, बल्कि मानसिक गुलामी है।" उनका प्रसिद्ध वाक्य "हम पाप के कारण से नहीं जन्मे, हम अमरत्व की संतान हैं (वयम् अमृतस्य पुत्राः)"। स्वदेशी एवं स्वाभिमान के भाव को प्रकट करते हुए उन्होंने मंत्र दिया था कि "गर्व से कहो, मैं भारतीय हूँ, प्रत्येक भारतीय मेरा भाई है, कहो भारत की मिट्टी मेरा सर्वोच्च स्वर्ग है।" पश्चिम प्रवास के समय भारत में स्त्री-पुरुष समानता पर प्रश्न पूछने पर उन्होंने कहा था कि भारत में स्त्री सदैव श्रेष्ठ है क्योंकि वह माँ है।

उन्होंने कहा कि भारत की स्त्रियों को पश्चिमी फैशन की नहीं, बल्कि सीता एवं सावित्री के चारित्रिक बल की आवश्यकता है। उनका यह संदेश कि "किसी के पीछे मत चलो, स्वयं का मार्ग बनाओ। पाश्चात्य देशों की नकल करना सभ्यता नहीं, बल्कि अपनी बौद्धिक मृत्यु को निमंत्रण देना है।" स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारियों की प्रेरणा स्वामी विवेकानंद थे। घोर गुलामी के कालखंड में भी भारत के दायित्व के प्रति उन्होंने जो विश्वास प्रकट किया, उसको पूर्ण करने का कार्य वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को करना है। अपने जीवन की अल्पावधि में जो महान कार्य स्वामी विवेकानंद के द्वारा हुए, उनको पूर्णता प्रदान करने का संकल्प लेना उनके जन्मदिवस पर उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

( लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं , ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# राम सब घट मेरा साइयां




संकलित

**दर्शन**

पूरे संसार में राम का निवास है, सबमें भगवान हैं और हम उन्हें हाथ जोड़कर प्रणाम करते हैं। राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में है। कबीर ने कहा है-'राम सब घट मेरा साइयां'... राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में हैं। सदा सर्वदा सबके हृदय में रहेंगे, लेकिन हमारे स्वार्थ, हमारे हेतु, हमारी मानसिकताओं के कारण कभी-कभी हम राम को साधन बना बैठते हैं। इसलिए हम राम को सही रूप में नहीं समझ पाते। प्रत्येक व्यक्ति में यदि हमें सिया राम के दर्शन होने लगें तो तमाम भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। जातीय आधार पर भेदभाव काफी हद तक कम हुआ है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। इसके लिए धर्माचार्यों को आगे आना होगा। धार्मिक क्षेत्र हो, राजनीतिक या फिर सामाजिक क्षेत्र, अंतिम व्यक्ति पूज्य होना चाहिए। अगर अंतिम व्यक्ति आप तक नहीं पहुंच पा रहा है तो यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप उस तक पहुंचें। भारतीय दर्शन में इहलोक और परलोक की बात आती है। इहलोक और परलोक का कल्याण करने की बात मेरी दृष्टि में इह यानी अपने संसार के साथ-साथ दूसरों का भी कल्याण हो, ऐसा प्रयास करना ही इहलोक और परलोक को सुधारना है। दूसरों के कल्याण की भावना का क्षेत्र बहुत व्यापक है। हम व्यापक व विराट की संतान हैं, इसलिए दूसरों के कल्याण का भारतीय सोच पूरे विश्व के कल्याण का सोच है। जब हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं, तो दुनिया के सभी देशों के कल्याण की बात करते हैं।

# कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित

**प्रेरणा**

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अंतरराष्ट्रीय पहचान बना रही है हिंदी

हिंदी केवल भारत में बोली जाने वाली एक भाषा नहीं है, बल्कि यह विश्व की प्रमुख भाषाओं में अपना विशिष्ट स्थान बना चुकी है। हिंदी भारत की संस्कृति है, संस्कार है, यह स्वतंत्रता संग्राम की भाषा है। हिंदी की अंतरराष्ट्रीय पहचान को सुदृढ़ करने, उसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने और वैश्विक मंच पर उसकी भूमिका को रेखांकित करने के लिए प्रति वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। यह दिवस हिंदी भाषा के सम्मान, इसके विस्तार और इसके भविष्य की संभावनाओं का प्रतीक है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, दक्षिण अफ्रीका और नेपाल जैसे देशों में हिंदी न केवल बोली जाती है, बल्कि शिक्षा, साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी माध्यम बनी हुई है।

*- साकेत अग्रवाल, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# मचाडो शांति पुरस्कार ट्रंप को नहीं दे सकती


नोबेल इंस्टिट्यूट ने स्पष्ट किया है कि वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो हाल ही में मिला नोबेल शांति पुरस्कार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नहीं दे सकतीं। नॉर्वियन नोबेल इंस्टिट्यूट ने यह बयान मचाडो के यह कहने के बाद जारी किया है कि वह अपना पुरस्कार ट्रंप को देना या उनके साथ साझा करना चाहेंगी, जिन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के अमेरिकी अभियान की निगरानी की है। मादुरो न्यूयॉर्क में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोपों का सामना कर रहे हैं। इंस्टिट्यूट ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा हो जाने के बाद इसपर न तो रोक लगाई जा सकती है, न ही यह किसी दूसरे को सौंपा या उसके साथ साझा किया जा सकता। बयान में कहा गया है, 'फैसला अंतिम होता है और हमेशा बरकरार रहता है।' मचाडो ने 'फॉक्स न्यूज' के प्रस्तोता सीन हैनिटी से सोमवार को कहा था, 'मैं व्यक्तिगत रूप से उनसे यह कहना जरूर चाहूंगी कि हम (वेनेजुएला की जनता) यह मानते हैं कि यह पुरस्कार वेनेजुएला के लोगों का है और वे निश्चित रूप से इसे उन्हें देना या उनके साथ साझा करना चाहते हैं।'



## ऑफ बीट

# झपकी से याददाश्त में हो सकता है सुधार

कुछ लोग इसे विलासिता भोग के रूप में देखते हैं जबकि अन्य इसे मुस्तैद तथा तंदरुस्त बने रहने के तरीके के रूप में देखते हैं। लेकिन झपकी के फायदे के साथ-साथ नुकसान भी हो सकते हैं। वैसे मैं झपकी लेने की जटिल प्रवृत्ति के साथ साथ इस बात से अवगत हूं कि क्यों दोपहर के वक्त 20 से 30 मिनट की झपकी असंख्य तरीकों से फायदेमंद हो सकती है। अनुसंधान से पता चलता है कि झपकी के कई फायदे हैं। छोटी-सी झपकी से मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त के साथ ही मुस्तैदी, ध्यान और प्रतिक्रिया देने के समय में भी सुधार आता है। इसका संबंध उत्पादकता और रचनात्मकता से भी है। चूंकि झपकी से रचनात्मक सोच में सुधार आता दिखायी देता है इसलिए कुछ कंपनियों ने अपने कार्य स्थल पर झपकी लेने के लिए कमरे बनाकर इसका फायदा उठाने का प्रयास किया है। ऐसा कहा जाता है कि मस्तिष्क झपकी के वक्त का इस्तेमाल दिनभर में एकत्रित सूचना को संसाधित करने के लिए करता है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि समस्याओं को हल करने की क्षमता बढ़ती है। एक छोटे-से अध्ययन से यह पता चलता है कि जो लोग झपकी लेते हैं वे कम चिड़चिड़े होते हैं तथा उन्हें कम गुस्सा आता है जिससे काम करते वक्त बेहतर फोकस बनता है और दक्षता बढ़ती है।



## ट्रेंड

### वेगडाजी भील का पराक्रम

वेगडाजी भील का पराक्रम सोमनाथ के इतिहास का एक अभिन्न हिस्सा है। हिंसा की धमकियों से विचलित हुए बिना वे इस पवित्र मंदिर की रक्षा में दृढ़ता से डटे रहे। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सोमनाथ की रक्षा के लिए मां भारती की संतानों का संकल्प कितना सशक्त रहा है।

**- नरेंद्र सिंह, प्रधानमंत्री**



### गिनीज विश्व रिकॉर्ड

राजमार्ग अभियांत्रिकी में नए वैश्विक मानदंड स्थापित करते हुए, एनएचएआई ने निरंतर बिटुमिनस कंक्रीट फर्श में दो और गिनीज विश्व रिकॉर्ड हासिल करके इतिहास रच दिया है। यह उपलब्धि कड़े गुणवत्ता नियंत्रण के साथ-साथ आईआईटी बॉम्बे जैसे प्रमुख संस्थानों के सहयोग से संभव हुई।

**-नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**



### उत्साह का संचार

जिंदगी में आनंद और उत्साह का संचार अगर कोई करते हैं, तो खेल करते हैं। खेल शरीर को स्वस्थ बनाते हैं, मन को और मजबूत बनाते हैं तथा आत्मा को आनंद और प्रसन्नता से भर देते हैं।

**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**



### जनविरोधी फैसला

काम का अधिकार' कोई भीख नहीं, बल्कि देश के गरीब का कानूनी हक है। भाजपा सरकार 'वी.बी.जी. राम जी योजना' लाकर मनरेगा को व्यवस्थित रूप से खत्म करना चाहती है। इस जनविरोधी फैसले के खिलाफ कांग्रेसी आवाज बुलंद करेंगे।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**



**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## पहला वनडे: टीम इंडिया ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई

# कोहली और गिल के अर्धशतक, भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया

### ⏭ अय्यर ने 49 रन की शानदार पारी खेली

एजेंसी ⏭ वड़ोदरा




भारत ने विराट कोहली (93 रन) और कप्तान शुभमन गिल (56 रन) के अर्धशतक तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी से रविवार को यहां न्यूजीलैंड को शुरुआती एक दिवसीय मुकाबले में एक ओवर रहते चार विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल (84), हेनरी निकोल्स (62) और डेवोन कॉनवे (56) के अर्धशतकों की मदद से आठ विकेट पर 300 रन बनाए। भारत के लिए तेज गेंदबाज हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने दो दो विकेट लिए जबकि स्पिनरों में कुलदीप यादव को एक विकेट मिला।

भारत ने कोहली (91 गेंद, आठ चौके, एक छक्का) की गिल (71 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए शतकीय और श्रेयस य्यर (49 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी से 49 ओवर में छह विकेट पर 306 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की। केएल राहुल (नाबाद 29 रन, 21 गेंद, दो चौके, एक छक्का) ने 48वें ओवर की अंतिम तीन गेंद में से दो में चौके लगाकर स्कोर बराबर किया। फिर अंतिम गेंद पर छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई।

**न्यूजीलैंड-300/8 (50)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| डेवोन कॉनवे बो हर्षित राणा | 56 |
| हेनरी का राहुल बो हर्षित राणा | 62 |
| विल यंग का राहुल बो सिराज | 12 |
| मिचेल पगबाधा बो प्रसिद्ध कृष्णा | 84 |
| फिलिप्स का अय्यर बो कुलदीप | 12 |
| मिचेल हे बो प्रसिद्ध कृष्णा | 18 |
| माइकल ब्रेसवैल रन आउट | 16 |
| जाक फोक्स बो सिराज | 01 |
| क्रिस्टियन क्लार्क नाबाद | 24 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 08 |

अतिरिक्त : 07
कुल योग : 50 ओवर में आठ विकेट पर 300 रन
विकेट पतन : 1-117, 2-126, 3-146, 4-170, 5-198, 6-237, 7-239, 8-281
गेंदबाजी: सिराज 8-0-40-2, हर्षित 10-0-65-2, सुंदर 5-0-27-0, प्रसिद्ध कृष्णा 9-0-60-2, कुलदीप यादव 9-0-52-1, रविंद्र जडेजा 9-0-56-0


**विराट मैन आफ द मैच**

**भारत-306/6 (49)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित का ब्रेसवैल बो जैमीसन | 26 |
| शुभमन का फिलिप्स बो अशोक | 56 |
| विराट का ब्रेसवैल बो जैमीसन | 93 |
| श्रेयस अय्यर बो जैमीसन | 49 |
| जडेजा का क्लार्क बो जैमीसन | 04 |
| केएल राहुल नाबाद | 29 |
| हर्षित राणा का हे बो क्लार्क | 29 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 07 |

अतिरिक्त : 13
कुल योग : 49 ओवर में छह विकेट पर 306 रन
विकेट पतन : 1-39, 2-157, 3-234, 4-239, 5-242, 6-279
गेंदबाजी: जैमीसन 10-1-41-4, जाक 10-0-49-0, आदित्य 6-0-55-1, क्रिस्टियन क्लार्क 10-0-73-1, ब्रेसवेल 8-0-56-0, ग्लेन 4-0-21-0, डेरिल मिचेल 1-0-7-0

## सबालेंका ने लगातार दूसरी बार जीता फाइनल




**ब्रिसबेन।** शीर्ष रैंकिंग पर काबिज एरीना सबालेंका ने मार्ता कोस्तयुक को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरी बार ब्रिसबेन इंटरनेशनल का खिताब अपने नाम किया, जो उनकी कुल मिलाकर 22वीं ट्रॉफी है। यह लगातार तीसरा साल था जब सबालेंका फाइनल में पहुंचीं और बेलारूस की इस खिलाड़ी ने पैट रैफ्टर एरिना में सिर्फ एक घंटे 17 मिनट में 6-4, 6-3 से जीत हासिल की ब्रिसबेन इंटरनेशनल 18 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए एक तैयारी टूर्नामेंट है। कोस्तयुक ने शुरुआत में ही सबलेंका की दूसरी सर्विस पर आक्रामक खेल दिखाया और शानदार ड्रॉप शॉट्स से शुरुआती ब्रेक हासिल कर लिया बेलारूस की खिलाड़ी वापसी शानदार खेल से वापसी करने में ज्यादा समय नहीं लिया।

## स्वितोलिना ने जीता 19वां डब्ल्यूटीए खिताब

**ऑकलैंड**



**वेलिंग्टन।** यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने ऑकलैंड में खेले गए एएसबी क्लासिक में जीत के साथ करियर का 19वां डब्ल्यूटीए टूर खिताब अपने नाम किया। वह इस जीत के साथ अब ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारियों के लिए मेलबर्न रवाना होंगी। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वितोलिना ने फाइनल में चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त वांग शिनयू को 6-3, 7-6 से हराया। यह 13वीं रैंकिंग की स्वितोलिना का 24 फाइनल मुकाबलों में 19वां खिताब रहा। इससे पहले वह 2024 में भी ऑकलैंड फाइनल तक पहुंची थीं, जहां उन्हें कोको गॉफ से तीन सेटों में हार का सामना करना पड़ा था। स्वितोलिना मेलबर्न में बुधवार को अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त अमांडा एनिसिमोवा के खिलाफ एक प्रदर्शनी मुकाबला खेलेंगी।

## बेंसिच ने स्वियातेक को हराया, स्विट्जरलैंड को बढ़त

**यूनाइटेड कप**



**सिडनी।** बेलिंडा बेंसिच ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी ईगा स्वियातेक को 3-6, 6-0, 6-3 से हराकर यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में पोलैंड पर स्विट्जरलैंड को बढ़त दिला दी। मौजूदा सत्र के आखिर में संन्यास लेने वाले स्विस दिग्गज स्टेन वावरिंका को ह्यूबर्ट हुरकाज से भिड़ना है, जिसमें पोलैंड के खिलाड़ी को अपने देश को मुकाबले में बनाए रखने के लिए जीतना जरूरी होगा। बेंसिच ने इस हफ्ते अपने सभी चार एकल और चार मिश्रित युगल मैच जीते थे। उन्होंने स्वियातेक के खिलाफ मैच से पहले दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ अपने पिछले पांच मैच गंवाए थे। ऐसा लग रहा था कि यह क्रम जारी होगा क्योंकि स्वियातेक ने मजबूत शुरुआत करते हुए पहला सेट 6-3 से जीत लिया। लेकिन दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी बेंसिच ने दूसरे सेट की शुरुआत में लगातार नौ अंक जीतकर मैच का रुख बदल दिया और 33 मिनट के सेट जीतकर मैच को बराबर कर दिया।

**डब्ल्यूपीएल**

## यूपी वॉरियर्स के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी आरसीबी




एजेंसी ⏭ नवी मुंबई

मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में कड़ी परीक्षा से गुजरने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) 12 जनवरी को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सितारों से सजी यूपी वॉरियर्स के खिलाफ अपनी लय जारी रखने की कोशिश करेगी। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली साल 2024 की चैंपियन टीम ने शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुश्किल स्थिति से उबरते हुए तीन विकेट की जीत दर्ज की। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला खिलाड़ी नादिन डि क्लर्क ने आखिरी चार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाकर टीम को जीत दिलाई थी। आरसीबी की जीत ने मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी स्तब्ध कर दिया था। टीम को डि क्लर्क से यूपी वॉरियर्स के खिलाफ भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पिछले मैच में डि क्लर्क के अलावा अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया था ऐसे में मंधाना चाहेंगी कि वह और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज रन बनाने में योगदान दें।

### दीप्ति शर्मा का खराब प्रदर्शन

यूपी वॉरियर्स को अपने शुरुआती मैच में निराशा का सामना करना पड़ा, जिसमें सबसे बड़ा झटका ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का खराब प्रदर्शन रहा। डब्ल्यूपीएल नीलामी में 3.2 करोड़ रुपए की सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी रहीं दीप्ति गुजरात जायंट्स के खिलाफ शनिवार को हुए दिन के मुकाबले में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहीं। यूपी वॉरियर्स 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 रन से हार गई, जिसमें दीप्ति बिना विकेट लिए रहीं और बल्लेबाजी में सिर्फ एक रन ही बना सकीं। टीम की नई कप्तान मेग लैनिंग चाहेंगी कि उनकी स्टार ऑलराउंडर जल्द ही लय में लौटे। इसके अलावा उन्हें शीर्ष क्रम में किरण नवगिरे और हरलीन देओल से ठोस योगदान की उम्मीद होगी। इस मैच में हालांकि ऑस्ट्रेलिया की युवा खिलाड़ी फोबे लिचफील्ड ने 78 रन की शानदार पारी खेल हार के अंतर को काफी कम किया। उनकी बल्लेबाजी से टीम को कुछ आत्मविश्वास जरूर मिला होगा।

## मोर्टारा ने जीती रेस, महिंद्रा को दिलाया पहला पोडियम

एजेंसी ⏭ मैक्सिको सिटी




एडुआर्डो मोर्टारा ने इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज के दूसरे दौर में दूसरा स्थान हासिल कर महिंद्रा रेसिंग को मौजूदा फॉर्मूला ई सत्र का पहला पोडियम स्थान दिलाया। इस भारतीय टीम के दूसरे ड्राइवर निक डी व्रीज हालांकि रेस पूरी नहीं कर सके। सिट्रोएन रेसिंग के निक कैसिडी ने शानदार रणनीति और बेहतरीन ड्राइव का प्रदर्शन करते हुए 12 स्थानों की छलांग लगाई और मोर्टारा तथा निसान के मौजूदा चैंपियन ओलिवर रोलैंड से आगे रहते हुए रेस जीत ली। मोर्टारा ने रेस के बाद कहा, 'निक ने वाकई शानदार रेसिंग की। रेस के बीच में हमें थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जिससे आखिरी लैप्स में चुनौती देने का मौका नहीं मिल पाया। मैं दूसरे स्थान के साथ खुश हूं।' महिंद्रा रेसिंग शुरुआत से ही एफआईए की ओर से मान्यता प्राप्त इस विश्व चैंपियनशिप का हिस्सा रही है। टीम ने विचार-विमर्श के बाद 2026-27 से शुरू होने वाले सीरीज के 'जेन4' युग में भी भागीदारी जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है।

## कोहली में विश्व कप तक खेलने का जुनूनः डोनाल्ड

एजेंसी ⏭ केपटाउन

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज एलन डोनाल्ड ने माना कि विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से थोड़ी जल्दी संन्यास लिया लेकिन भारतीय स्टार बल्लेबाज में इतनी भूख और जुनून है कि वह 2027 के वनडे विश्व कप तक खुद को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बनाए रखेंगे। डोनाल्ड ने कहा, ' आप जानते हैं, मैंने फिटनेस और खेल को लेकर जज्बे के मामले में किसी खिलाड़ी में विराट जीतनी भूख नहीं देखी। मेरे मन में उनके लिए बेहद सम्मान है। मैं अक्सर ड्रेसिंग रूम में इस बारे में बात करता हूं कि वह खुद को फिट रखने के मामले में चैंपियन है। कोई भी उनके जितना मेहनत नहीं करता। वह किसी मशीन की तरह है। उन्होंने कहा, ' मुझे वास्तव में उन्हें टेस्ट मैचों में उनकी कमी महसूस होती है।






## खबर संक्षेप

### भारत श्रीलंका की मदद करने को तैयार

**कोलंबो।** चक्रवात प्रभावित श्रीलंका में भारत की वित्तीय मदद से तैयार पहला 'बेली ब्रिज' रविवार को यातायात के लिए खोल दिया गया। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी दी।



उच्चायोग ने बताया कि 100 फुट लंबे इस 'बेली ब्रिज' का निर्माण भारतीय सेना ने किया है और इसके खुलने से मध्य प्रांत व उवा प्रांत के बीच एक महत्वपूर्ण सड़क संपर्क बहाल हो गया। 'बेली ब्रिज' आसानी से ले जाए जाने योग्य एक पूर्वनिर्मित पुल होता है, जिसके हिस्सों को तेजी से जोड़कर पुल का रूप दिया जाता है। उच्चायोग ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, संपर्क बहाल करते हुए चक्रवात 'दितवा' के बाद पुनर्निर्माण के लिए भारत की ओर से दिए गए सहायता पैकेज के तहत निर्मित पहला बेली ब्रिज यातायात के लिए खोल दिया गया है।

### शंघाई में मनाया गया विश्व हिंदी दिवस

**बीजिंग।** चीन के शंघाई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया जिसमें इस देश के पूर्वी हिस्से में स्थित शीर्ष विश्वविद्यालयों के हिंदी के छात्रों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया।



शंघाई में भारत के महावाणिज्यदूत प्रतीक माथुर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमें सीमाओं से परे जोड़ती है। पोस्ट के मुताबिक, माथुर ने हिंदी की गरिमा और गौरव को उजागर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्र के नाम संदेश पढ़ा, हिंदी केवल एक भाषा नहीं है, बल्कि एक शक्तिशाली कड़ी है।

## भारत ने पिछले साल 4 ट्रेड समझौते किए या उन्हें लागू किया

# यूएस संग ट्रेड डील अधर में, टैरिफ का असर कम करने को भारत ने खोजे कई विकल्प

*अमेरिका के कड़े टैरिफ ने भारत की अन्य बाजारों में एंट्री करने या विस्तार करने की इच्छा को बढ़ाया है, अमेरिका का रुख देखते हुए अब भारत के लिए अपने निर्यात गंतव्यों का विस्तार करना अनिवार्य हो गया है*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अपने निर्यातकों के लिए बाजार खोलने और अमेरिका के ऊंचे टैरिफ के असर को कम करने के लिए तेजी से दूसरे देशों के साथ ट्रेड डील कर रहा है। भारत की अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने की कोशिशें अभी तक कामयाब नहीं हो पाई हैं। अगस्त 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के लिए टैरिफ बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया था। यह एक ऐसा झटका है, जिससे नौकरियों के जाने का खतरा है। साथ ही भारत की मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट पावरहाउस बनने की महत्वाकांक्षा को भी नुकसान पहुंचा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विशेषज्ञों का कहना है कि इस दबाव ने भारत को अमेरिका से परे दूसरे देशों के बाजारों में तेजी से पांव फैलाने की ओर धकेल दिया है। भारत ने पिछले साल 4 ट्रेड समझौते किए या उन्हें लागू किया। इनमें ब्रिटेन के साथ एक बड़ा समझौता भी शामिल रहा। अब देश नई डील्स पर नजर गड़ाए हुए है। यूरोपीय संघ, यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन, मेक्सिको, चिली और दक्षिण अमेरिकी मर्कोसुर ट्रेड ब्लॉक के साथ या तो नए सौदों के लिए या मौजूदा समझौतों का विस्तार करने के लिए बातचीत चल रही है।

### अमेरिका का दावा तेल के कारोबार से रूस हुआ मजबूत

*अमेरिका के कड़े टैरिफ ने भारत की अन्य बाजारों में एंट्री करने या विस्तार करने की इच्छा को बढ़ाया है। अमेरिकी टैरिफ का मकसद भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद को रोकना है। अमेरिका का मानना है कि तेल बिक्री से आने वाला पैसा रूस के यूक्रेन पर हमले को फाइनेंस करता है। जानकारों का कहना है कि अमेरिका का रुख देखते हुए अब भारत के लिए अपने निर्यात गंतव्यों यानि एक्सपोर्ट डेस्टिनेशंस का विस्तार करना अनिवार्य हो गया है। भारत की अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल का अनुमान है कि यूके ट्रेड डील अगले 3 सालों में भारत से ब्रिटेन को कपड़ों के निर्यात को दोगुना करने में मदद कर सकती है। यूरोपीय संघ के साथ संभावित समझौते से होने वाले फायदे और भी बड़े हो सकते हैं।*

### अमेरिकी वाणिज्य सचिव के दावे को विदेश मंत्रालय ने नकारा

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर पीयूष गोयल ने बताई अंदर की बात, बोले- देश पर भरोसा रखें

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल में कहा कि भारत पर भरोसा रखें, किसी भी दूसरे देश के बयानों पर न जाएं। गोयल का ये बयान विदेश मंत्रालय के उस अटलकों के खारिज करने के एक दिन बाद आया है जिसमें कहा गया कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील इसलिए नहीं हो पाई क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को फोन नहीं किया। हाल ही में अमेरिका के कॉमर्स सेकेट्री हॉवर्ड लटनिक ने कहा था कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील इसलिए नहीं हो पाई क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को फोन नहीं किया। ट्रेड बातचीत फेल हो गई, जबकि वॉशिंगटन आगे बढ़ गया। एक टीवी चैनल से बात करते हुए गोयल ने यह भी कहा कि ट्रेड डील की बारीकियों पर बंद दरवाजों के पीछे चर्चा की जाएगी, मीडिया के सामने नहीं। विदेश मंत्रालय ने बातचीत के इस वर्णन को सटीक नहीं बताया और इस बात पर जोर देते हुए कहा कि नई दिल्ली और वॉशिंगटन एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर एक साल से भी ज्यादा समय से लगातार और विस्तृत बातचीत में लगे हुए हैं।



- गोयल ने कहा ट्रेड डील की चर्चा गोपनीय रहेगी

## आईएस के ठिकानों पर बरसाए बम, कहा

# अमेरिका के सैनिकों पर हमला किया तो ढूंढ़-ढूंढ़कर यूं ही मारेंगे



### आईएस के 70 ठिकानों का किया था सफाया

बीते महीने 19 दिसंबर को अमेरिका ने सीरिया पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए थे, जिसमें आईएस के 70 ठिकानों को निशाना बनाया गया था। उसके बाद बीते हफ्ते ही ब्रिटेन और फ्रांस की सेनाओं ने भी सीरिया में हवाई हमले किए। इन हवाई हमलों का निशाना भी आईएस था। ये हमले सीरिया को होम्स प्रांत के ऐतिहासिक पल्मायरा इलाके में हुई थी। सीरिया पिछले साल के अंत में आईएस विरोधी गठबंधन में शामिल हुआ था। साल 2019 में सीरिया में हार के बावजूद, आईएस की अभी भी सीरिया में मौजूदगी है और इसके स्लीपर सेल अभी भी सीरिया और इराक में घातक हमले करते हैं।

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने शनिवार को एक बार फिर से सीरिया में हवाई हमला किया। अमेरिका के निशाने पर आतंकी संगठन आईएस के ठिकाने रहे। पिछले महीने एक हमले में अमेरिका के दो सैनिक और एक एक सीरियाई नागरिक की मौत हो गई थी। जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में अमेरिका ने आईएस के ठिकानों पर भारी बमबारी की थी। एक बार फिर अमेरिका ने अपने सहयोगी देशों की सेनाओं के साथ मिलकर सीरिया में हवाई हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि अमेरिका ने सहयोगी बलों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर हमले किए, जो लगभग देर रात 12.30 बजे किए गए। इन हमलों में सीरिया भर में इस्लामिक स्टेट के कई ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने शनिवार को एक बयान में कहा, हमारा संदेश साफ है, अगर आप हमारे सैनिकों को नुकसान पहुंचाते हैं, तो हम आपको दुनिया में कहीं से भी ढूंढ निकालेंगे और मार देंगे, चाहे आप न्याय से बचने की कितनी भी कोशिश कर लें।

**बीते हफ्ते भी ब्रिटेन-फ्रांस ने संयुक्त कार्रवाई की थी**

### दिल्ली : हिस्ट्रीशीटर पति की हत्या की गवाह पत्नी की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के शालीमार बाग में एक बेहद खौफनाक वारदात हुई है। करीब 3 साल पहले जहां एक हिस्ट्रीशीटर को उसके जानी दुश्मन ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था, ठीक उसी तरह शनिवार को उसकी पत्नी की भी हत्या कर दी गई। पुलिस को शक है कि पति की हत्या में शामिल एक आरोपी, पत्नी की हत्या में भी शामिल हो सकता है। यह दुखद घटना रचना यादव नाम की 52 वर्षीय महिला के साथ हुई। रचना, अपने पति बिजेंद्र यादव की हत्या की गवाह थीं। उनकी बड़ी बेटी कनिका (32) ने बताया, 'करीब डेढ़ साल पहले, जब वह कोर्ट जा रही थीं, तब उनका पीछा किया गया और उन्हें धमकी दी गई थी। इसके बाद से वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही सुनवाई में शामिल होने लगी थीं।' कनिका ने आगे कहा, 'मेरे पिता के हत्या के कुछ आरोपी तिहाड़ जेल में बंद हैं। इसके बावजूद, ऐसी वारदात हो रही हैं। यह बहुत ही चौंकाने वाली बात है।' परिवार वालों ने बताया कि रचना अपने एक पड़ोसी के घर से अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रही थीं।

### अगर माता-पिता का ख्याल नहीं रख सकते तो घर छोड़ दो : हाईकोर्ट

**हैदराबाद (एजेंसी)।** हर मां-बाप चाहते हैं कि उसके बच्चे बुढ़ापे में उसका सहारा बनें और उनका ख्याल रखें पर अक्सर देखा जाता है कि बच्चे अपने पैरों पर खड़े होते ही माता-पिता को छोड़कर चले जाते हैं। ऐसा ही एक मामला तेलंगाना से सामने आया है, जहां पर तेलंगाना हाई कोर्ट ने प्रॉपर्टी विवाद में एक आदमी और उसकी पत्नी को आदेश दिया कि वो माता-पिता का अच्छे तरह से ख्याल रखें नहीं तो माता-पिता की प्रॉपर्टी में रहने का कोई अधिकार नहीं होगा। हर माह मेंटनेंस दें, बीमार मां की देखभाल करें: तेलंगाना हाई कोर्ट ने एक आदमी और उसकी पत्नी को आदेश दिया कि वे उसके माता-पिता को हर महीने 6,000 का मेंटेनेंस दें और बिस्तर पर बड़ी मां का अच्छी तरह से देखभाल करें, वरना उन्हें अपने माता-पिता की प्रॉपर्टी में रहने का कोई अधिकार नहीं होगा। बता दें कि जस्टिस टी माधवी देवी ने 6 जनवरी एक कपल के रिट पिटीशन पर यह आदेश दिया। इस कपल की उम्र 71 साल और 66 साल है।

### कच्चा तेल लेकर रूस जा रहा था टैंकर

## हिरासत में लिए 3 भारतीय यूएस कब क्रू मेंबर्स को करेगा रिहा?



रूसी तेल टैंकर

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

वेनेजुएला से निकले एक तेल टैंकर को बीते दिनों अमेरिकी कोस्ट कार्ड ने जब्त कर लिया था। इस घटना के बाद रूस और अमेरिका के बीच तनाव है। वहीं, ताजा जानकारी के मुताबित, इस तेल टैंकर जहाज में कुल 28 क्रू मेंबर्स सवार थे, जिनमें तीन भारतीय, 20 यूक्रेनी, 2 रूसी और छह जॉर्जियाई हैं। इनमें से दोनों रूसी क्रू मेंबर्स को रिहा कर दिया गया है, जबकि बाकी क्रू मेंबर्स अभी भी अमेरिका की हिरासत में हैं। अब पता चला है कि तीन भारतीयों में एक का नाम रिक्षित चौहान है, जो हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं। टैंकर, जिसका नाम पहले बेला 1 था, रूसी झंडे के नीचे चल रहा था और इसे एक प्राइवेट ट्रेडर ने किराए पर लिया था। बताया जा रहा है कि इसमें वेनेजुएला से जुड़ा कच्चा तेल था और यह रूस जा रहा था तभी इसे रोक लिया गया।

# कश्मीर में मिला चीनी ग्रेनेड, पाक ने बॉर्डर पर ड्रोन से गिराए हथियार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) से पहले भारत ने पाकिस्तान की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। दरअसल, पाकिस्तान से आए एक ड्रोन ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले की सीमा के नजदीक गांव में हथियार और गोला बारूद की खेप गिराई। हालांकि, खुफिया जानकारी मिलने पर बीएसएफ और जम्मू पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप की एक जॉइंट टीम ने इस साजिश को बेनकाब कर दिया। पुलिस ने बताया कि आने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को बाधित करने के लिए आतंकवादियों की किसी भी कोशिश को नाकाम करने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह रिकवरी की गई। इससे पहले, 21 नवंबर को सांबा की घगवाल तहसील में इंटरनेशनल बॉर्डर के पास एक आगे के गांव के ऊपर एक पाकिस्तानी ड्रोन देखा गया था, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने नशीले पदार्थों, हथियारों या दूसरे सामान की एयरड्रॉपिंग के शक में सर्च ऑपरेशन चलाया था। बता दें कि इस ऑपरेशन को अंजाम देने से पहले 27 अक्टूबर को बीएसएफ ने जम्मू जिले के रणबीर सिंह पुरा में सीमा पार से नशीले पदार्थों की तस्करी की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। पाकिस्तानी ड्रोन से गिराए गए दो बैग बरामद किए गए, जिनमें पांच किलोग्राम से ज्यादा हेरोइन थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 25 करोड़ रुपये से ज्यादा है।



- 26 जनवरी के पहले बड़ी साजिश नाकाम
- पाकिस्तानी ड्रोन पुलिस ने किया बरामद




### रेगिस्तान से रोबोटिक युद्ध की तैयारी, भारतीय सेना ने भी किया बदलाव

**सेना ने भैरव और अशनि बटालियन का गठन किया**

## मिशन: भारतीय सेना की 'भैरव' और 'अशनि' बटालियन में 1 लाख ड्रोन ऑपरेटिव्स तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजस्थान का रेगिस्तान अब सिर्फ सीमाओं की निगरानी का इलाका नहीं रहा, बल्कि रेगिस्तान अब भविष्य की जंग की नई प्रयोगशाला बन चुका है। भारतीय सेना रणनीति के लिहाज से निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुकी है। एक ऐसे दौर में, जहां युद्ध की परिभाषा, उसके साधन और रणनीति, तीनों ही एक साथ बदल रहे हैं।

इसी के चलते नसीराबाद से लेकर बीकानेर, जैसलमेर और बाड़मेर तक भारतीय सेना ने तैयारियां शुरू कर दी हैं, जो आने वाले युद्धों की तस्वीर बदल सकती है। इसी कड़ी में 'भैरव' और 'अशनि' नाम की नई बटालियनों का गठन किया गया है। इसमें एक लाख से ज्यादा ड्रोन ऑपरेटिव्स को तैयार किया जा रहा है।



फाइल फोटो

### अचानक शुरु होंगी लड़ाइयां

सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, आने वाली लड़ाइयां अचानक शुरू होंगी। जो बेहद तेज और पूरी तरह से तकनीक आधारित होंगी. ऐसे में सेना को ऐसे सैनिकों की जरूरत है जो केवल हथियार चलाना नहीं। बल्कि तकनीक को युद्ध में बदलना जानते हों। इसी सोच के तहत भैरव और अशनि बटालियन का गठन किया गया है। रेगिस्तान में तैनात तकनीक से लैस भैरव और अशनि के जवान हर चुनौती के लिए तैयार हैं। जानकारों का मानना है कि अब जंग केवल सीमाओं पर आमने-सामने की मुठभेड़ से कही आगे निकल चुकी है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28